# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 19 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-051 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 20 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


### बांग्लादेशी घुसपैठियों को खोजें, दस्तावेजों की पुष्टि नहीं होती तो देश से बाहर निकालें

# गृह मंत्रालय ने राज्यों को दी 30 दिन की मोहलत

**नई दिल्ली,19 मई।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बांग्लादेश और म्यांमार से आए संदिग्ध अवैध प्रवासियों की पहचान और उनके दस्तावेजों की जांच के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 30 दिनों की समय सीमा निर्धारित की है. मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, यदि इस अवधि के भीतर प्रवासियों के दस्तावेजों की पुष्टि नहीं होती है, तो उन्हें देश से निर्वासित कर दिया जाएगा। गृह मंत्रालय द्वारा इस महीने जारी किए गए निर्देशों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अवैध प्रवासियों की पहचान, जांच और निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अपने वैधानिक अधिकारों का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है. इसके साथ ही, सभी राज्यों को जिला स्तर पर पर्याप्त हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए कहा गया है, जहां संदिग्ध प्रवासियों को निर्वासन की प्रक्रिया पूरी होने तक रखा जाएगा. यह कदम केंद्र सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है. गृह मंत्रालय के अनुसार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या प्रवासियों का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य होगा, जिन्हें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और तटरक्षक बल द्वारा निर्वासन के लिए सौंपा जाता है. इसके साथ ही, हर महीने की 15 तारीख को इस संबंध में केंद्र सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत करना आवश्यक होगा. मंत्रालय ने ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन को निर्देशित किया है कि निर्वासित व्यक्तियों की सूची एक सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाए. यह जानकारी आधार नंबर, मतदाता पहचान



पत्र और पासपोर्ट जारी करने से रोकने के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई), निर्वाचन आयोग और विदेश मंत्रालय के साथ साझा की जाएगी. यदि अवैध प्रवासियों के पास पहले से ऐसे दस्तावेज मौजूद हैं, तो उन्हें निष्क्रिय कर दिया जाएगा.गृह मंत्रालय ने बांग्लादेश और म्यांमार से सटी भारतीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और असम राइफल्स के महानिदेशकों को नए निर्देश जारी किए हैं. एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पहले अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की प्रक्रिया में कोई निश्चित समय सीमा नहीं थी, जिससे अन्य राज्यों से सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त करने में कई बार महीनों लग जाते थे. नए निर्देशों के माध्यम से इस प्रक्रिया को तेज और सुव्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है. गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुपालन में कई राज्यों ने अवैध प्रवासियों की पहचान और हिरासत की प्रक्रिया आरंभ कर दी है. गुजरात में सूरत और अहमदाबाद में चलाए गए तलाशी अभियानों के दौरान लगभग 6,500 संदिग्ध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया. इसी प्रकार, राजस्थान ने हाल ही में 148 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को विशेष विमान से पश्चिम बंगाल भेजा, जहां उनकी स्वदेश वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. झारखंड ने अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या प्रवासियों की पहचान और निर्वासन के लिए एक राज्यव्यापी अभियान की शुरुआत की है. गृह मंत्रालय ने इस संदर्भ में एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें जिला स्तर पर बायोमेट्रिक डेटा एकत्र करने और उसकी जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है.

## संक्षेप

### बाजार से सब्जी लेकर घर पहुंचा पति, झोले में निकला सांप

**कोरबा,19 मई।** जिले के दादर खुर्द से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। जहां रविवार की शाम गांव में रहने वाले मोहन साहू मुड़पार बाजार से सब्जी खरीदकर अपने घर लौटा था। इस दौरान वह अपनी पत्नी को सब्जी का झोला देकर किसी काम में भीड़ गया, इधर जब पत्नी ने झोला खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए और वह झोला वहीं छोड़ चीखते हुए घर से बाहर भाग गई.जानकारी के अनुसार, जब मोहन की पत्नी थैले से सब्जी निकाल रही थी, तभी उसकी नजर थैले में कुंडली मारकर बैठे एक काले ज़हरीले करैत सांप पर पड़ी। वो सब्जी समझकर सांप को हाथ लगाने ही वाली थी, लेकिन अचानक सांप दिखने पर वह चीखते हुए घर से बाहर भाग गई। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और परिवार के सदस्य बुरी तरह घबरा गए। गौरतलब है कि इस दौरान मोहन साहू ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत रेस्क्यू टीम को सूचना दी, जिसके बाद रेस्क्यू टीम के सदस्य गप्पू केवट और उमेश यादव मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

### सेंट्रल जेल में बंद युवक की संदिग्ध मौत

**बिलासपुर,19 मई।** सेंट्रल जेल में बंद 22 वर्षीय युवक कन्हैया सोनी की मौत को लेकर हड़कंप मच गया है। मस्तूरी निवासी कन्हैया दो महीने पहले मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार होकर जेल भेजा गया था। अब उसकी मौत के बाद परिजनों ने जेल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले ही वे जेल में कन्हैया से मिलने गए थे और उस समय वह पूरी तरह स्वस्थ था। वहीं, जेल प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कन्हैया को सोमवार देर रात सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के खिलाफ BNS की धारा 115(2)(B) के तहत मारपीट का मामला दर्ज था और वह बीते दो माह से जेल में बंद था। घटना के बाद कन्हैया का शव पोस्टमार्टम के लिए सिम्स अस्पताल भेजा गया है। इस घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है, वहीं मृतक की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल सिविल लाइन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। वहीं, परिजनों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

### मुंबई में आपसी रंजिश ने लिया हिंसक रूप, तीन की मौत

**मुंबई,19 मई।** मुंबई के बोरीवली स्थित गणपत पाटिल नगर झुग्गी-बस्ती में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश के चलते एक गंभीर झड़प हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस के अनुसार, मृतकों में रामनवल गुप्ता, उनके बेटे अरविंद और दूसरे पक्ष के हमीद शेख शामिल हैं.झगड़ा उस समय शुरू हुआ जब हमीद शेख, जो शराब के नशे में था, नारियल बेचने वाले रामनवल गुप्ता से भिड़ गया. स्थिति तेजी से बिगड़ गई, और गुप्ता के बेटे अमर, अरविंद और अमित मौके पर पहुंचे, जबकि शेख ने अपने बेटों अरमान और हसन को बुला लिया. देखते ही देखते, दोनों पक्षों के बीच बहस हाथापाई में बदल गई, और उन्होंने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया. इस हिंसक झड़प में रामनवल गुप्ता, उनके बेटे अरविंद और हमीद शेख की जान चली गई.

## हैदराबाद को दहलाने की साजिश नाकाम

**● आईएसआईएस से जुड़े 2 संदिग्ध अरेस्ट, विस्फोटक का जखीरा बरामद**

**हैदराबाद,19 मई।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हैदराबाद में बड़ी आतंकी कार्रवाई का भंडाफोड़ किया है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद को दहलाने की साजिश को नाकाम करते हुए आईएसआईएस से जुड़े 2 संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। इनमें से विजयनगरम से सिराज और हैदराबाद से समीर को अरेस्ट किया गया है। ये दोनों हैदराबाद में डमी ब्लास्ट की योजना बना रहे थे। आरोपियों के पास से विस्फोटों का जखीरा भी बरामद किया है। दोनों को सऊदी अरब में आईएसआईएस के मॉड्यूल से निर्देश मिले थे, जो इन्हें हैदराबाद में हमलों के लिए गाइड कर रहे थे। दोनों को कस्टडी में ले लिया गया है। तेलंगाना काउंटर इंटेलिजेंस और आंध्र प्रदेश इंटेलिजेंस के ज्वॉइंट ऑपरेशन में इन्हें अरेस्ट किया। पुलिस ने



रविवार को बताया कि विजयनगरम के सिराज उर रहमान (29) को एक गुप्त सूचना के आधार पर हिरासत में लिया गया था। तलाशी के दौरान रहमान के परिसर से अमोनिया, सल्फर और एल्युमीनियम पाउडर सहित विस्फोटक जब्त किए गए. पुलिस दोनों आरोपियों को अब अदालत में पेश करेगी। पुलिस ने बताया, ''जांच के दौरान रहमान द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर हैदराबाद से एक अन्य व्यक्ति सैयद समीर (28) को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी हिरासत में हैं और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग और सतर्कता बरतने का आग्रह किया।

## जहर का इंजेक्शन देकर पति की हत्या का आरोप

**रायगढ़,19 मई।** अभी एक माह पहले ही तो संजय और ज्योति शादी के बंधन में बंधे थे. पति की मौत हो गई। पत्नी पर आरोप लगाया जा रहा है कि उसने पति को जहर का इंजेक्शन दे दिया था ।वही पत्नी अपने ऊपर लगाए गए इल्जाम का खंडन करते हुए कहती है कि उसने तो उनकी जान बचाने की कोशिश की थी। मामला पुलिस के पास पहुंच गया है. 24 अप्रैल 2025 को संजय और ज्योति का दोनों परिवारों की रजा मंदी से विवाह हुआ। किसी एनजीओ में काम करने वाले संजय की पत्नी ज्योति निजी अस्पताल में नर्स के रूप में सेवाएं देती है। अचानक 16 मई की अर्धरात्रि के बाद संजय की तबीयत बिगड़ जाती है उसे कटघोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से होते हुए मेडिकल कॉलेज कोरबा लाया जाता है जहां उसकी मृत्यु हो जाती है ।संजय के जीजा कुंवर प्रसाद मरावी बताते हैं कि उनके साले संजय की शादी ज्योति के साथ हर्षोल्लास के मध्य



संपन्न हुई थी। दोनों के मध्य अनबन की सूचना के बीच पता चला कि संजय की तबीयत बिगड़ गई है। मेडिकल कॉलेज कोरबा में उसे बताया गया की संजय के शरीर में जहर है। मृतक संजय के जीजा ने बताया कि घर के पास एम्पुल और सिरिंज भी मिला है। जीजा को संदेह है की जो इंजेक्शन संजय को लगाया गया वही उसकी मौत का कारण बना. संजय की पत्नी ज्योति भी पुलिस कर्मियों को बयान देती दिखाई दी। उसने बताया कि उसके पति को झटका आया तब उसने अपने पास रखा इंजेक्शन उसे लगाया लेकिन तबीयत जब नहीं सुधरी तो अस्पताल ले आए जहां उसकी मौत हो गई कोरबा जिले के कटघोरा निवासी संजय और ज्योति के विवाह के एक माह के अंदर ही इतनी बड़ी घटना का होना परिवार के लोगों को सशंकित कर गया है।

## पाकिस्तानी ठिकानों को नष्ट करने के लिए ब्रह्मोस का इस्तेमाल किया गया : शाह

**नई दिल्ली,19 मई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की सैन्य कार्रवाई की सफलता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी रूप से निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की चीन द्वारा आपूर्ति की गई वायु रक्षा प्रणालियों को नष्ट कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद के नारनपुरा इलाके में एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा के इतिहास में ऑपरेशन सिंदूर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस कार्यक्रम में अहमदाबाद नगर निगम द्वारा अहमदाबाद शहर में 1,550 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर उद्घाटन की गई परियोजनाओं में नारनपुरा में 132 फीट रिंग रोड पर व्यस्त पल्लव चौराहे पर एक ओवरब्रिज भी शामिल है। अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रकाश डालते हुए शाह ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। शाह ने कहा, "(प्रधानमंत्री) नरेंद्रभाई (मोदी) की राजनीतिक इच्छाशक्ति, भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और हमला करने की क्षमता तथा हमारी खुफिया एजेंसियों द्वारा दी गई सटीक सूचनाओं ने



पाकिस्तान के अंदर नौ स्थानों पर आतंक के ठिकानों को नष्ट कर दिया।"अमित शाह ने कहा, "जबकि हमारे स्वदेशी रूप से विकसित ब्रह्मोस (सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम) ने पाकिस्तान के हवाई ठिकानों को नष्ट करने का काम किया, चीन से उधार लिया गया हमारा अपना एयर डिफेंस सिस्टम अप्रयुक्त रह गया। हमारी वायु सेना ने सटीक हमले किए और पाकिस्तान के कई स्थानों पर भारी क्षति पहुंचाई, जिन्हें अभेद्य माना जाता था।" अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को सीमा सुरक्षा में इसके योगदान और वैश्विक मंच पर आतंकवाद से पाकिस्तान के संबंधों को उजागर करने के लिए ऐतिहासिक रूप से मान्यता दी जाएगी। उन्होंने कहा, "जब सीमा सुरक्षा पर इतिहास लिखा जाएगा तो ऑपरेशन सिंदूर को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।" गृह मंत्री ने आगे कहा कि पहले की सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) तक ही सीमित थीं, जबकि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों और उनके संचालन केंद्रों को खत्म करने के लिए पाकिस्तानी क्षेत्र में 100 किलोमीटर तक घुसना शामिल था। उन्होंने कहा, "पाकिस्तान पूरी दुनिया को बताता था कि वहां कोई आतंकवादी गतिविधि नहीं होती और भारत पर झूठी शिकायतें करने का आरोप लगाता था। लेकिन, 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मिसाइलों से आतंकवादियों को खत्म कर दिया गया और पाकिस्तान दुनिया के सामने बेनकाब हो गया।"

## यूसुफ पठान ने पाकिस्तान की पोल खोलने वाली संसदीय टीम के साथ विदेश जाने से किया मना

**कोलकाता,19 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से अवगत कराने और पाकिस्तान-आतंकियों की सांठ-गांठ पोल खोलने के लिए भारत ने पाकिस्तान पर पॉलिटिकल डिप्लोमेटिक स्ट्राइक का ऐलान किया है। इसके तहत 7 संसदीय टीमों में 51 प्रतिनिधि विदेशों में जाकर



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर किए झूठे प्रचार की पाकिस्तान की पोल खोलेंगे। इस संसदीय दल में पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद और पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर यूसुफ पठान का भी नाम शामिल किया था। हालांकि यूसुफ पठान ने 'मैं उपलब्ध नहीं हूं,' का हवाला देकर संसदीय टीम के साथ विदेश जाने से इंकार कर दिया है। दरअसल पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए विदेश जा रहे सांसदों के डेलिगेशन में टीएमसी के सांसद यूसुफ पठान का नाम भी शामिल था। अब यूसुफ पठान ने सरकार को यह जानकारी दी है कि वह उपलब्ध नहीं हैं। सूत्रों का कहना है कि भारत सरकार ने सांसद युसूफ पठान से सीधे संपर्क किया था।

## आकाशीय बिजली गिरने से पति-पत्नी की मौत

**कबीरधाम,19 मई।** जिले के ग्राम सिंगारपुर में रविवार की रात अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने लगी। इसी दौरान अपने खेत में रखे प्याज को बारिश से बचाने के लिए पहुंचे एक दंपति की मौके पर ही आकाशीय बिजली गिरने से दोनों पति और पत्नी की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, मृतकों की पहचान हेमलाल पटेल (32 वर्ष) और उनकी पत्नी चैती पटेल के रूप में हुई है। दोनों खेत में प्याज की फसल को तिरपाल से ढकने के लिए पहुंचे थे, तभी आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आ गए। बिजली गिरने की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने प्रशासन को सूचित किया और घटनास्थल पर पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम पहुंची। पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। ग्रामीणों और परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। यह दंपति अपने पीछे छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनके भविष्य को लेकर ग्रामीणों में गहरी चिंता है। यह हमारे गांव के लिए अत्यंत दुखद घटना है।

## ज्योति मल्होत्रा का पाकिस्तान के बाद चीन से भी निकला कनेक्शन

नई दिल्ली,19 मई। हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जैसे-जैसे जांच और पूछताछ आगे बढ़ रही है। वैसे-वैसे ज्योति मल्होत्रा पर नये-नये खुलासे हो रहे हैं। वहीं अब ज्योति मल्होत्रा का पाकिस्तान के बाद चीन से भी कनेक्शन निकलने की जानकारी सामने आई है। पुलिस फिलहाल इस संबंध में कुछ भी खुलकर बोलने से बच रही है। पुलिस ने बस इतना कहा कि ट्रैवल हिस्ट्री खंगाल रहे हैं। जल्द ही खुलासा होगा। बता दें कि 16 मई, 2025 को कोर्ट ने ज्योति को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। हिसार पुलिस ने बताया कि यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के संपर्क में थी। पाकिस्तानी खुफिया एजेंस (पीआईओ) उसे भारत के खिलाफ तैयार कर रहे थे, ताकि उसे सही समय पर यूज किया जा सके। पुलिस ने ये भी बताया कि ज्योति तीन बार पाकिस्तान गई थी, जिसमें पहलगाम हमले से पहले की यात्री भी शामिल है. इस दौरान उसने चीन की भी यात्रा की थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया, ''केंद्रीय जांच एजेंसियों ने हरियाणा पुलिस को कहा है कि पीआईओ सॉफ्ट नैरेटिव को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया पर एक्टिव लोगों की भर्ती कर रहा है। एसपी सावन ने कहा, ''केंद्रीय एजेंसियों के साथ संपर्क के बाद हरियाणा पुलिस ज्योति से पूछताछ कर रही है। हम उसकी इनकम की



सोर्स का पता लगाने के लिए उसकी ट्रैवल हिस्ट्री और अकाउंट ट्रांजैक्शन को खंगाल रहे हैं। उसकी इनकम और खर्च में बहुत फर्क है। हमें बाहरी फंडिंग पर शक है क्योंकि वह सिर्फ एक ट्रैवल ब्लॉगर थी। पुलिस ने ये भी बताया कि वह एक बार चीन भी गई थी और वहां का वीजा मांगते हुए उसने एक वीडियो शेयर किया था। वह अन्य यूट्यूब इन्फ्लुएंसर्स के भी संपर्क में थी, जिनके पाकिस्तानी एजेंसियों से जुड़ाव की आशंका पर भी जांच चल रही है। एसपी शशांक सावन ने बताया कि ज्योति मल्होत्रा पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी के साथ सीधे संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत सरकार ने अमान्य राजनयिक प्रतिनिधि घोषित कर देश से निष्कासित किया है। साल 2023 में पाकिस्तान का वीजा लेने के दौरान दूतावास में उसकी मुलाकात एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश से हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती गहरी होती चली गई। दानिश ने ही उसे पाकिस्तान में रहने की व्यवस्था कराई थी। वहीं, उसकी मुलाकात पाकिस्तानी एजेंट्स से हुई थी। ज्योति मल्होत्रा को गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। उसे कोर्ट में पेश कर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस उसके लैपटॉप और मोबाइल की फॉरेंसिक जांच कर रही है। इसके अलावा, पैसे का लेनदेन, ट्रैवल हिस्ट्री और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ हुई बैठकों की भी जांच की जा रही है।

# पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर को बनाया था निशाना,सेना ने किया नाकाम

**अमृतसर,19 मई।** पाकिस्तान ने भारत के साथ अपने हालिया संघर्ष के दौरान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर और पंजाब के अन्य शहरों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया, जिसे भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक विफल कर दिया। सेना ने सोमवार को एक प्रदर्शन किया कि कैसे आकाश मिसाइल प्रणाली और एल-70 एयर डिफेंस गन सहित भारतीय वायु रक्षा प्रणालियों ने इस प्रयास को विफल कर दिया। 15 इन्फैंट्री डिवीजन के जीओसी (जनरल ऑफिसर कमांडिंग) मेजर जनरल कार्तिक सी शेषाद्रि के अनुसार, भारतीय सेना ने अमृतसर में नागरिक प्रतिष्ठानों के साथ-साथ अपने सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के कदम की आशंका जताई थी, जिसमें स्वर्ण मंदिर जैसे धार्मिक स्थल भी शामिल थे, जो खुफिया जानकारी के अनुसार मुख्य लक्ष्य था। वरिष्ठ भारतीय सेना अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान के पास कोई वैध सैन्य लक्ष्य नहीं है और उससे भारत में नागरिक और धार्मिक स्थलों पर हमला करने की उम्मीद थी। उन्होंने एएनआई से कहा, "यह जानते हुए कि पाक सेना के पास कोई वैध लक्ष्य नहीं है, हमने अनुमान लगाया कि वे



भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों सहित नागरिक लक्ष्यों को निशाना बनाएंगे।" उन्होंने कहा, "इनमें से स्वर्ण मंदिर सबसे प्रमुख प्रतीत हुआ।" मेजर जनरल शेषाद्रि ने कहा, "हमने स्वर्ण मंदिर को समग्र वायु रक्षा छत्र कवर देने के लिए अतिरिक्त आधुनिक वायु रक्षा संपत्तियां जुटाईं। यह हमला 8 मई की सुबह हुआ। पाकिस्तान ने अंधेरे की आड़ में ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। उन्होंने कहा, "8 मई की सुबह अंधेरे के समय, पाकिस्तान ने मानव रहित हवाई हथियारों, मुख्य रूप से ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइलों के साथ बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया।" उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पूरी तरह से तैयार थी और इस तरह सभी आने वाले खतरों को रोक दिया और नष्ट कर दिया। अधिकारी ने कहा, "हम पूरी तरह से तैयार थे क्योंकि हमने इसका अनुमान लगाया था और हमारे बहादुर और सतर्क सेना के एयर डिफेंस गनर्स ने पाकिस्तानी सेना के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया और स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाने वाले सभी ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराया। इस तरह हमारे पवित्र स्वर्ण मंदिर पर एक खरोंच भी नहीं आने दी।" भारतीय सेना ने यह दिखाने के लिए एक प्रदर्शन भी किया कि कैसे उसके वायु रक्षा सिस्टम - जैसे कि आकाश मिसाइल सिस्टम और एल-70 एयर डिफेंस गन - ने स्वर्ण मंदिर और पंजाब के प्रमुख शहरों की रक्षा करते हुए आने वाले पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोका और बेअसर किया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में पहले पुष्टि की गई थी कि रात भर चले हमले में अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर, पठानकोट, जालंधर, लुधियाना, चंडीगढ़ और भुज सहित कई भारतीय शहरों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कश्मीर में भी विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई। बयान में कहा गया, "इन विस्फोटों को एकीकृत काउंटर-यूएएस ग्रिड और एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा बेअसर कर दिया गया।" ये हमले भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए - पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों पर एक समन्वित सैन्य हमला। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।

# तिरंगा रैली निकाल भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य का किया जयघोष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई-चरोदा, 19 मई।** भिलाई-चरोदा निगम प्रशासन की ओर से तिरंगा रैली यात्रा आयोजित की गयी। जिसमें जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों, शहर के गणमान्य प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। महापौर निर्मल कोसरे एवं सभापति कृष्णा चंद्राकर की अगुवाई में सुबह 10 बजे से तिरंगा रैली यात्रा का आगाज किया गया। निगम कार्यालय से प्रारंभ हुयी तिरंगा रैली भारत माता के जयघोष एवं तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए शहर के अनेकों स्थानों पर पहुंची। अन्नपूर्णा भवन से जैन मंदिर के रास्ते बाजार मार्ग होते हुए मुख्य सड़क पर आने के बाद सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से बढ़ते हुए पुलिस थाना भिलाई 3 के सामने से होकर निगम कार्यालय में रैली का समापान किया गया। यात्रा में भिलाई जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, निगम नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, मंडल अध्यक्ष वरूण यादव, मंडल महामंत्री मुकेश अग्रवाल एवं परमजीत सिंह, वरिष्ठ पार्षद फिरोज फारूकी, सत्य प्रकाश शर्मा, चद्रप्रकाश पाण्डेय, संजय यादव, प्रेमलता चंद्राकर, तुलसी ध्रुव, सुषमा जेठानी, नंदनी कमल जांगडे, निशा राजेश यादव, शिवकुमारी यादव, गुरुचरण सिंह भाटिया ये सभी मौजूद रहे। वही निगम प्रशासन की ओर से कमिश्नर डी.एस. राजपूत, कार्यपालन अभियंता प्रकाशचंद थवानी सहित सभी अभियंता, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने तिरंगा रैली में शामिल रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इनके आलावा तेसज पाल, कुंदन फेकर, नरोत्तम गेंडरे, विजय कोयरी, श्यामसुंदर, तोरण सोनी, गीता वर्मा, पुर्णिमा ठाकुर, धनेश्वरी ठाकुर, समीर अग्रवाल, अजय साहू, चंद्रा, पदमिनी साहू, मीना गिरी, रेचल मसीह, महेन्द्र साहू, सुशील कर्मकार, डी. नारायण रेडडी, पुष्पलता मंडपे, दीना चंद्राकर, आकाश सिंघानिया, शुभम चिचोलकर ये सभी रैली में शमिल रहे।

## समाचार संक्षेप

### आदिवासी धुर्वे गोंड़ समाज और मुड़ा परिक्षेत्र का चुनाव सम्पन्न



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 19 मई।** आदिवासी धुर्वे गोंड समाज और मुडा परिक्षेत्र क्षेत्र उतई का चुनाव बुढादेव मंदिर में संपन्न हुआ। चुनाव प्रभारी पूर्व मुडादार हरिशंकर ठाकुर तहसील अध्यक्ष चुरामन कतलम तहसील महासचिव डीएस धुर्वे एवं महावीर ठाकुर के सानिध्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम बुढा देव मंदिर में पूजा अर्चना की पूजा अर्चना के पश्चात अपने-अपने गांव के पंचोका चुनाव किया गया पंचों को चुनाव करने के बाद पांचों के द्वारा मुडादार का चयन किया गया। समस्त पंचों की उपस्थिति में एवं चुनाव प्रभारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से मुडादारपांच गांव के बहादुर सिंह नेताम को चुना गया। इस प्रकार पांच गांव के पंचश्री तोरण ठाकुर राजेंद्र ध्रुव पंच दौलत राम ठाकुर पंचविशंभर ठाकुर पंच भारत भूषण सूर्यवंशी पांच शिवकुमार ठाकुर पंच गणेश राम नेम पंचकुलेश्वर ठाकुर पंच दुर्गेश ठाकुर पंच शिव ठाकुर पंच जय प्रकाश पंच महासचिव संतोष कुमार नेताम सचिव गुलाब मरकाम जी चपरासी चंद्र कुमार नेताम जी इसप्रकार पांच गांव के मुडाक्षेत्र के पंचोएवं मुडादार का चयन किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख लोक उपस्थित थे विषय लाल ठाकुर शालिग्राम ठाकुर घनश्याम सिंह मांडवी चुरामन कम भूपेंद्र कुमार नेत्री प्रभु लाल नेम अजय को राम प्यारेलाल नेम चंद्रजीत ठाकुर सुखनंदन लाल ठाकुर चंद्र कुमार ठाकुर सरोज ठाकुर दामिनी नेम मायावती मांडवी रेवती ठाकुर संतोषी कुंजन विमल कुमार ठाकुर सौरभ ठाकुर छबिलाल ठाकुर ड्रोन कुमार ठाकुर राधेश्याम को राम समरू ठाकुर अनिल मांडवी दीनदयाल नेताम प्रमोद नेताम भूपेंद्र नेताम रूपेश ठाकुर कुबेर ठाकुर परदेशी नेताम दिनेश कोर्रामवीर सिंह नेम नंदेश्वर ठाकुर मिला ठाकुर शकुंतला मांडवी हिमाचल ठाकुर शंकर लाल सुदर्शन ठाकुर ठाकुर दिनेश ठाकुर रामदयाल ठाकुर पंकज कुंजाम जितेश कुंजाम देवेंद्र मरकाम और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे जिनके सानिध्य में या चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ और यह कार्यकाल 5 वर्ष के लिए रखा गया।

## एक नजर

### केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के टॉप टेन में दिव्या प्रथम

**उतई, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ मुकेश कुमार मेश्राम की सुपुत्री दिव्या मेश्राम ने सीबीएसई 12 वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स संकाय में 94.4त्न प्रतिशत अंक अर्जित कर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की टॉपटेन सूची में प्रथम स्थान बनाया हैं।इस उपलब्धि पर, नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती नरेंद्र साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिनारायण देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्रवीण यदु अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल, नगर अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू, सतीश चंद्राकार, भीमसेन सिन्हा, खूबीराम साहू, संगीत रजक, सुनीता चंद्राकर, लता सोनवानी, अनीता सिंह गढ़े, विजय लक्ष्मी साहू, फलेंद्र सिंह राजपूत, करण सेन, मंजू वर्मा, हरीश यादव, चंदू देवगन, गिरीश शर्मा, रूपेश पारख, शुभम् वर्मा, सुखीत यादव, गुंजेश्वरी साहू, वामन साहू, सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने हर्ष जताया हैं।



### आईआईटी के प्रोफेसर से 1.63 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई पुलगांव थाना अंतर्गत आईआईटी प्रोफेसर से 1.63 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। अनिल कुमार साव (46 साल ) निवासी 804, डेल्टा बिल्डिंग, आईआईटी भिलाई केम्पस, कुटेलाभाठा में आईआईटी भिलाई में प्रोफेसर हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे चार संकाय सदस्य जिसमें प्रार्थी, डां. सब्याशसाची घोष, डां. शेषा पवन कुमार वेम्पटि और डॉ अभिजीत पाल जो वर्तमान मेंआईआईटी भिलाई में कार्यरत हैं चारों ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध एलटीसी के तहत अंडमान निकोबार और लक्षद्वीप जाने की योजना बनाई थी इस संबंध में उन्होंने अपने एक मित्र के माध्यम से होटल बुकिंग और निर्दिष्ट स्थानों पर अन्य लॉजिस्टिक्स के लिए एक ट्रैवल एजेंट राहुल राम उन्हें यकीन दिलाया था कि समय पर ट्रेव्हलिंग एवं लॉजिंग के लिए सेवाये मिल जायेगी।

### खोपली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**उतई, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिमा हॉस्पिटल उतई एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 18 मई 2025 को पुराना बाजार चौक खोपली में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था इस स्वास्थ्य शिविर में 44 मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया सभी मरीजों का बीपी सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉक्टर आशीष साहू, ललित कुमार साहू, ओम प्रकाश साहू अनिकेत ताम्रकार, जया कुंजाम, रीना चंद्राकर, अर्पित देवांगन, राधेश्याम साहू, आदि उपस्थित थे।

## स्कूटी से दीनदयाल कॉलोनी पहुंचे विधायक

# लोगों से मुलाकात कर पूछी समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मई।** श्रमिक दिवस से लगातार विधायक रिकेश सेन वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में स्कूटी से पहुंच न सिर्फ लोगों से मेल-मिलाप कर उनकी समस्याएं पूछ रहे बल्कि तुरंत समाधान का प्रयास भी कर रहे हैं। सुबह लगभग 7 बजे अचानक स्कूटी से दीनदयाल उपाध्याय कॉलोनी पहुंचे विधायक रिकेश सेन को हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित इस कॉलोनी के लोगों ने भ्रमण करते हुए समस्याएं बताई।

इस दौरान कालोनी की जर्जर पानी टंकी का तत्काल निरीक्षण कर उसे दुरूस्त करने और यदि डिस्मेंटल करने लायक हो तो गिरवा कर पुनर्निर्माण का जल्द प्रस्ताव देने सेन ने निगम के जोन अधिकारी को निर्देश दिए। कालोनीवासियों ने बताया कि आस-पास के पेड़ों की वर्षों से छंटाई न होने के कारण आए दिन आंधी-तूफान में विद्युत लाईन प्रभावित होती है। सेन ने एक सप्ताह के भीतर सभी पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए। कालोनी के मैदान में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उन्होंने मंच और डोम शेड की घोषणा की। दीनदयाल कॉलोनी की रोड से लगे एपीक्योर द फैमिली लाउंज द्वारा खाली जमीन पर अवैध कब्जा की शिकायत कालोनीवासियों ने की। विधायक ने मौके पर पहुंच अधिकारी को फोन पर निर्देशित किया कि एपीक्योर को आवंटित जमीन की जांच कर खाली जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त करवाएं।

कालोनीवासियों ने बताया कि यहां आने वाले लोग उनकी कालोनी के आस पास गाड़ियां पार्क कर देते हैं और आए दिन इस लाउंज में पार्टी होने से काफी शोरगुल बाहर तक होता है। जुनवानी वार्ड की नियमित सफाई व्यवस्था का जायजा भी विधायक ने लिया। इस दौरान क्षेत्र में मच्छर की अधिकता पर रोज शाम को फागिंग मशीन घुमवाने के निर्देश दिए। नालियों से निकला मलबा तत्काल उठाने कहा। शिकायत थी कि मलबा रोज 2 से 4 घंटे तक सड़क किनारे पड़ा रहता है। विधायक रिकेश सेन ने वार्ड निरीक्षण के दौरान दीनदयाल उपाध्याय कालोनी, लोटस कॉलोनी सहित आस पास की सभी निजी कालोनीवासियों से चर्चा कर बारिश के पहले बिल्डिंग की मजबूती चेक कराने तथा इनके रंग रोगन की अपील करते हुए कहा कि अपनी कालोनी की सफाई और सुरक्षा के प्रति आप सभी हमेशा सजग रहें, साथ ही बगैर पुलिस वेरीफिकेशन किसी बाहर से आए लोगों को किराये पर मकान न देवें। विधायक रिकेश सेन ने डीडी कॉलोनी वासियों को बताया कि पूर्व में पेयजल समस्या दूर करने की मांग पर उन्होंने पहल की है जिसके तहत एक सप्ताह के भीतर कालोनी में पाईप लाईन बिछा कर घर घर कनेक्शन देने का कार्य शुरू हो जाएगा।

अन्य विकास कार्यों के लिए निगम में लंबे समय से सम्पत्ति कर न जमा किए जाने की जानकारी पर उन्होंने कालोनीवासियों से सम्पत्ति कर अवश्य समय पर जमा करने का निवेदन किया। कर जमा करने के लिए कालोनी में शिविर लगाने की मांग पर उन्होंने निगम अधिकारी को जल्द शिविर लगाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि बारिश पूर्व सभी नालियों से पानी निकासी व्यवस्थित करें और कालोनी के बाहर छोटी नहर की भी सफाई दुरूस्त कर लें ताकि अनावश्यक कालोनियों में जलभराव की समस्या न हो।

# तिरंगा यात्रा निकालकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल 19 मई।** नगर पालिका जामुल में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ''ऑपरेशन सिंदुर'' हम सेना के साथ हैं के लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी के मार्गदर्शन में भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया।

भारत माता की जय के गगन भेदी नारे एवं देश भक्ति गाने के साथ तिरंगा यात्रा नगर पालिका जामुल कार्यालय से प्रारंभ हुआ जो कि डीजे में गीत संगीत के साथ नगर भ्रमण कर भारतीय सेना के साथ होने का परिचय देते हुए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने ''ऑपरेशन सिंदुर'' के नारे में बताया कि हमारे राष्ट्र भारत के खिलाफ षड्यंत्र करने वाले के खिलाफ हर नागरिक हैं। तिरंगा यात्रा के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने ''ऑपरेशन सिंदुर'' के समर्थन में हर वर्ग से शामिल होने का अपील किया जिसमें जामुल के सभी दल के जनप्रतिनिधिगण, राजनितिक दलो के पदाधिकारी, सामाजिक संस्था के गणमान्य नागरिकगण एवं महिला समुह के सदस्य गण भारी संख्या में उपस्थित हुए और भारत के सेना के प्रति अपना समर्थन दिया गया।

तिरंगा यात्रा में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार पार्षदगण कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, निशा चन्नेवार, खम्हन ठाकुर, अधिकारीगण के.एन. ताम्रकार, सचिन भागवत, आशा जंघेल, रामू देवांगन, शिवनंदन देवांगन, हिम्मत मंडावी, दयालु जंघेल, रवि चौहान, बशीर खान, हर्षा मेहरा, राजनितिक दलों के पदाधिकारी प्रशांत गुप्ता, सोनू यादव, अनुप राय, उमेन्द वर्मा, दुर्योधन साहू, लेखराम साहू, तुकेश सेन सहित महिला समुह के अनिता साहू, प्रीति वर्मा, संतोषी वर्मा, हेमलता साहू सहित आम नागरिक गण बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

# सोमनी सहकारी समिति में करोड़ों का घोटाला, प्रबंधक व सहायक प्रबंधक गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 19 मई।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भिलाई-3 की सेवा सहकारी समिति सोमनी में करोड़ों के घोटाला प्रबंधक नीति दीवान, सहायक प्रबंधक गजानन शिर्के और सहायक लिपिक गोपाल वर्मा ने मिलकर किसानों के खाते से 1 करोड़ 3 लाख 11 हजार 263 रुपए का गबन किया है। मामले में पुलिस ने सहायक प्रबंधक गजानन शिर्के और सहायक लिपिक गोपाल वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शाखा प्रबंधक नीति दीवान अभी तक फरार हैं।

पुरानी भिलाई टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पुरानी भिलाई के शाखा प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। पूरा मामला किसानों के बचत खाते से करोड़ों की हेराफेरी का है। किसानों के अपने खाते में आरोपियों खुद ही रकम जमा किया और खुद ही उसे संचालित किया था। उनके द्वारा किसानों के खाते में पैसा जमा कर पासबुक में एंट्री की जाती थी, लेकिन लेजर में एंट्री नहीं की जाती थी जब मामले की जांच की तो यह भी पता चला कि आरोपियों ने मिली भगत कर कुछ किसानों के फिक्स डिपाजिट को भी तोड़कर उस रकम का गबन कर लिया है पुलिस ने मामले में सहायक प्रबंधक और अतिरिक्त कर्मचारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है ऐसे की गई गड़बड़ी पुलिस की जांच में यह पता चला है कि तत्कालीन सहकारी समिति प्रभारी गजानंद शिर्के ने 29 मई 2020 से 3 मार्च 2021 के बीच 35 लाख 53 हजार 870 रुपये की वित्तीय अनियमितता की। इसके बाद समिति प्रबंधक के पद पर नियुक्त नीति दीवान ने 1 जून 2022 से 5 अक्टूबर 2023 के बीच 40 लाख 16 हजार 775 रुपये की गड़बड़ी की। इसके अतिरिक्त सहायक लिपिक गोपाल वर्मा ने 5 किसानों के खातों से 3 लाख 3 हजार 618 रुपये का गबन किया है। तीनों कर्मचारियों ने किसानों के खाते से खाद, बीज और धान खरीदी के नाम पर नगद आहरण दिखाया इसके साथ ही किसान जो पैसा जमा करते थे। उनकी एंट्री भी लेजर में नहीं करते थे किसानों की पासबुक में एंट्री कर उन्हें दे दिया जाता था किसानों में जबर्दस्त आक्रोश इस मामले के उजागर होने के बाद यहां के किसानों में काफी आक्रोश है।

उनका कहना है कि वे लोग खून पसीने की कमाई से एक एक पाई जोड़कर पैसा जमा करते हैं। उसे सहकारी केंद्रीय बैंक के पास विश्वास में जमा करते हैं उनके जिम्मेदार अधिकारियों ने उनकी मेहनत की कमाई पर डाका डाला है इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए पुरानी भिलाई थाने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# मादक पदार्थ की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 19 मई।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य (भा.पु.से.) के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चिल्फी संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में थाना चिल्फी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 12 मई को थाना चिल्फी प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर की टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए ट्रक क्रमांक RJ17GC9591 से 1 क्विंटल (101.07 किग्रा) मादक गांजा जब्त कर सांवरिया वर्मा, होकम सिंह सोंधिया एवं कुमेर सिंह (सभी निवासी म.प्र.) को गिरफ्तार किया था। उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 21/25 धारा 20(b)(2)(C) NDPS Act के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।गंभीर अपराध की विवेचना को एंड टू एंड करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पतासाजी हेतु एक विशेष टीम फूलबानी, जिला कन्धमाल (उड़ीसा) भेजी गई। निरंतर प्रयासों से यह तथ्य सामने आया कि गांजा की आपूर्ति ओडिशा के तस्करों द्वारा की गई थी।

टीम ने वहां से दो आरोपियों रघुनाथ गंडा पिता उपेंद्र गंडा, उम्र 37 वर्ष, निवासी जारगीसारु, थाना सदर फूलबानी, जिला कन्धमाल (उड़ीसा) अजीत कुमार बेहरा पिता बसीष्ठ बेहरा, उम्र 31 वर्ष, निवासी सुदूकुम्पा, थाना सदर फूलबानी, जिला कन्धमाल (उड़ीसा) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की संलिप्तता गांजा की आपूर्ति एवं इस अवैध तस्करी के षड्यंत्र में स्पष्ट रूप से पाई गई है। इनके विरुद्ध धारा 29 NDPS Act जोड़ी गई है।

आर्थिक पहलुओं की जांच जारीः गिरफ्तार आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी निकालकर फ्रीज करने की कार्यवाही की जा रही है, ताकि इस अवैध नेटवर्क के आर्थिक तंत्र को भी ध्वस्त किया जा सके। कबीरधाम पुलिस की यह निरंतर कार्रवाई यह स्पष्ट संदेश देती है कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के लिए जिले में कोई स्थान नहीं है। 'ज़ीरो Tolerance की नीति को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

इस कार्रवाई में थाना चिल्फी की टीम का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा : थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, सउनि बीरबल साहू, आर. सुनील मेरावी, पंकज यादव, संतोष साहू, आंसू तिवारी, मो. इरफ़ान, पप्पू पनागर एवं अन्य स्टाफ द्वारा सतर्कता, परिश्रम एवं सूझबूझ से की गई यह कार्रवाई निश्चित ही मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक सशक्त और निर्णायक संदेश है।

## उतई-सेलूद के संत समागम में शामिल हुए सांसद बघेल व उप मुख्यमंत्री साव

# कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए की 25 लाख रुपए की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 19 मई।** ग्राम सेलूद के बावाकुटी में स्थित कबीर आश्रम में आयोजित दो दिवसीय संत समागम में आज प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव सम्मिलित हुए। कबीर आश्रम के मुखिया व साहित्य वेदांताचार्य महंत सुकृत दास शास्त्री द्वारा आयोजित इस संत समागम में सांसद विजय बघेल भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत किये।

संत समागम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि आज आश्रम में आकर संत और आप सभी का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला है। संत समाज को मार्गदर्शन देते है। संत कबीर ने जीवन जीने का आचरण बताया है। कबीर की वाणी आज भी प्रासंगिक है। आप सभी संत कबीर की वाणी को जन-जन तक पहुंचाकर, लोगों को जागरूक कर रहे हैं। देश की तरक्की के लिये समाज का जागरूक होना जरूरी है। संत कबीर को मानने वाले पूरे देश भर में है। आश्रम में कई प्रकार के अभाव होते हुए भी कबीर के विचार को लोगों तक पहुंचाने में आप लोग लगे हुए है।

आज सरकार चाहे देश की हो या प्रदेश की, लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने और परिवार को आत्मनिर्भर बनाने का काम रही है। संतों के आशीर्वाद से यह काम भी पूरा होगा। मंत्री साव ने संतों की मांग पर आश्रम के कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की घोषणा की। साथ ही अन्य मांगों को भी पूरा करने का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि विगत 60 वर्ष से इस आश्रम में संत समागम का आयोजन होते आ रहा है। उन्होंने सभी संतों का अभिवादन करते हुए कहा कि आश्रम का मुझे आर्शीवाद मिला है। सांसद बघेल ने कहा कि कबीर के वाणी में ईश्वर का वास था। कबीर की वाणी आज भी जीवंत है। हम सभी को कबीर के बताये मार्ग को जीवन में आत्मसात करना है। सांसद बघेल ने आश्रम में स्नानागार और शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रदेश् साहू समाज के अध्यक्ष टहल राम साहू, रमेश साहु, डिकेंन्द्र हिरवानी, सहित्यवेदांताचार्य सुकृत दास साहेब, परमेश्वर साहेब, सुरेन्द्र कौसिक, दिलीप साहू निक्की भाले, रानी बंछोर, जितेन्द्र वर्मा, भूपत साहेब, लेखराम साहू, रमेश साहू, दिनेश साहू, डॉ शैलेन्द्र साहू, अनिल कुमार, जनक साहू, हीरादास, कबीर साहू, खेमलाल साहू, राकेश साहू, फेरु, तिलक वर्मा, हरप्रसाद आडिल, रामु साहू, दिनेश साहू, प्यारेलाल साहू, मुख्तू साहु, तारेंन्द्र बंछोर, खेमिन साहू उपस्थित थी। अंत मे आभार प्रदर्सन भूपत साहेब ने किया।

# चोरी का फरार आरोपित गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 19 मई।** भिलाई इस्पात संयंत्र से 65 लाख रुपए की सामग्री चोरी मामले का 10 वर्ष पूर्व से फरार चल रहे आरोपी रवि सोनी को भट्ठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ बीएसपी प्लेटेमिल एरिया स्पेयर यार्ड से 05 नग नट कीमती लगभग 65 लाख रुपए की चोरी किया था इस मामले में चार आरोपियों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 23 जून 2015 को प्रार्थी गहन सेन गुप्ता उप महाप्रबंधक प्लेट मिल भिलाई इस्पात संयंत्र ने थाना भिलाई भट्ठी मे एक लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल एरिया स्पेयर यार्ड से पांच नग नट कीमती 65 लाख रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्ठी ने धारा 379, 447, 467, 468, 471, 120 इ, 34, 25, 26 छ. ग. सुरक्षा अधिनियम कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान आरोपियों ने घटना में उपयोग किए गए ट्रक को जब्त किया। आरोपियों ने कूटरचित बिल्टी चालान तैयार कर अवैधानिक रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर प्रवेश कर संयंत्र परिसर के प्लेट मिल स्पेयर यार्ड से से 05 नग नट को चोरी कर ले जाना पाये जाने पर पूर्व में आरोपी उस्मान बेग, शशिकांत मिश्रा, अंकित तिवारी, जितेंद्र चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। फरार आरोपी रवि सोनी की खोजबीन के दौरान आरोपी के जामुल में रहने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम को रवाना कर आरोपी को गिरफ्तार किया है

एक नजर

### स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य

**राजनांदगांव 19 मई।** जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है। शासन स्तर से स्वीकृति उपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्य निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत हैं। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। जिले के छुरिया विकासखंड में 2 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माणाधीन है। जिससे दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचल के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में लगभग 2 करोड़ 94 लाख 55 हजार रूपए की लागत से फिजियोथेरेपी वार्ड का निर्माण किया जा रहा है। जिले में पूर्व में किसी भी प्रकार का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल नहीं था। जिसकी मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए 16 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसी प्रकार विकासखंड डोंगरगढ़ एवं घुमका में 50-50 लाख रूपए की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण भी अंतिम चरण में है। बरसात के दिनों में जिला अस्पताल बसंतपुर में जल भराव की स्थिति बनती थी, उसे देखते हुए जिला चिकित्सालय में 3 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में विभिन्न प्रकार के 1 करोड़ रूपए का कार्य तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के नवीन भवन हेतु 75 लाख की लागत से निर्माण कार्य जल्द प्रारम्भ किया जा रहा है।

### सांसद ने देखा निशुल्क कराए जा रहे तालाब गहरीकरण का कार्य



**छुरिया, 19 मई।** नगर पंचायत सीमा क्षेत्र अंतर्गत नये बस स्टैण्ड स्थित नये तालाब में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं नगर के पार्षदों के पहल पर तालाब गहरीकरण का कार्य निःशुल्क कराया जा रहा है । जहां जरूरतमंदों को मुरूम वितरण किया जा रहा है । राजनांदगांव जिले के सांसद छुरिया प्रवास पर थे । उन्होंने छुरिया पहुंचकर तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया । इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, गीता घांसी साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कान्ता साहू, राजेश्वर धुर्वे, शेखर भरद्वाज, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, नीरज यादव, सोनू कसेर, उपस्थित थे । सांसद संतोष पाण्डेय ने नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यों की जमकर प्रशंसा की । बीते कई वर्षों से तालाब गहरीकरण का कार्य लंबित था । तालाब गहरीकरण होने से अब नगरवासियों को भीषण गर्मी में निस्तारी की समस्याओं से निजात मिल सकेगा ।

### खेल खेलने से व्यक्ति को जीवन के हर कार्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है: वैष्णव



**छूरिया, 19 मई।** डोगरगढ़ ब्लाक के ग्राम मडियान में, जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित राजनांदगांव कबड्डी प्रीमियर लीग के समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहु व जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोंडापे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्रामवासीयो एवं खिलाड़ी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल खेलने से व्यक्ति को जीवन में हर कार्य में जीतने की प्रेरणा मिलती है।खेल से ही आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है,जीवन मे खेल का विषेश महत्व है।आज सभी खिलाड़ी बंधुओं का मैं हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करती हूं।आयोजक समिति समस्त ग्रामवासियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। ऐसे आयोजन से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जो मजबूत राष्ट्र का निर्माण करता है।खेल, शारीरिक, मानसिक, और सामाजिक रूप से हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सीएम की घोषणाओं पर मुलेर में शुरू हुआ अमल





**रायपुर, 19 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के अति संवेदनशील और सुदूर ग्राम मुलेर में की गई घोषणाएं अब धरातल पर उतरने लगी है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए उपस्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तीन सीसी सड़कों के निर्माण और डोम शेड निर्माण के लिए कुल 21.54 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय ने बीते दिनों सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम मुलेर का औचक दौरा कर विकास शिविर का निरीक्षण किया था। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने मौके पर स्वास्थ्य, सड़क और सामुदायिक सुविधा से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल स्वीकृति दी और प्रशासन को निर्देशित किया कि कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण किया जाए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस त्वरित और जनहितैषी पहल से न केवल ग्राम मुलेर में बुनियादी सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, बल्कि शासन की जनकल्याण के प्रति संवेदनशीलता भी देखने को मिली है। पहल शासन और आम जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

## शिक्षिका के अपहरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी की तलाश जारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 19 मई।** डोंगरगांव थाना क्षेत्र के भेजराटोला गांव से एक स्कूल शिक्षिका के अपहरण मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रोशन निषाद एवं तामेश्वर निषाद दोनों निवासी भर्रेगांव, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस मामले में प्रयुक्त वाहन, शादी के लिए लाई गई चुनरी, कपड़े और मंगलसूत्र को भी पुलिस ने जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिक्षिका कुमरदा स्थित स्कूल में कार्यरत है। दिनांक 16 मई 2025 को वह रोज़ की तरह सुबह करीब 10ः30 बजे स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में टाटा नेक्शॉन वाहन में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने उसका अपहरण कर लिया। ग्रामीणों ने वाहन को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की और वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, डोंगरगांव एसडीओपी श्री दिलीप सिंह सिसोदिया तथा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। सघन तलाशी अभियान के दौरान पुलिस दबाव बढ़ने पर रात्रि लगभग 1 बजे अपहृत शिक्षिका को आरोपियों ने उसके मामा के घर ग्राम अंडा, जिला दुर्ग में छोड़ दिया। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शिक्षिका को सकुशल बरामद कर लिया। शिक्षिका के बयान अनुसार, मुख्य आरोपी अनुप चन्द्राकर पूर्व में दर्ज आपराधिक मामलों को वापस लेने और जबरन शादी के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उसे अपहरण कर जंगल में ले गया था, जहां रातभर उसे बंधक बनाकर मारपीट की गई। आरोपियों ने जबरदस्ती सिंदूर लगाकर, चुनरी ओढ़ाकर और मंगलसूत्र पहनाकर विवाह का दबाव डाला। जब शिक्षिका ने विरोध किया तो उस पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की धमकी भी दी गई।



## राहुल गांधी पर एफआईआर के खिलाफ युकां ने मोदी व नीतीश का फूंका पुतला



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 19 मई।** लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दर्ज मुकदमे और दलित छात्रों से संवाद पर प्रतिबंध के खिलाफ जन आक्रोश लगातार तेज ही ता जा रहा है जिसके विरोध मे रविवार को मानपुर बस स्टैंड मे मोहला-मानपुर विधायक इन्द्र शाह मंडावी ,जिलाध्यक्ष युकां मनीष निर्मल के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नितिश कुमार का भारी नारे के बीच पुतला दंहन कर विरोध प्रदर्शन किया।विधायक इन्द्रशाह मंडावी जी ने कहा कि अगर छात्रो से संवाद को रोकेंगे विपक्ष की आवाज को दबाएंगे और सत्ता के विरोध में उठाने वाली हर आवाज को कुचलने की कोशिश करेंगे, तो हम सडक से संसद तक आपको घेंरेगे।लोकतंत्र बचाने की लडाई अब राहुल गांधी जी के नेतृत्व में और भी तेज होगी दलित छात्रों से संवाद पर रोक लगाना यह दर्शाता है कि सरकार शिक्षा और विचारों के विस्तार मे डरती हे जिसमे आज प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध जताया गया।

# हे भगवान, कांग्रेस को सद्बुध्दि दे:आशीष डोंगरे

- संविधान बचाओ रैली व भाजपा विरोधी नारे पर दी प्रतिक्रिया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगाँव, 19 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा की दिनों दिन बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस बुरी तरह डर गई है। उसे अपने अस्तित्व की चिंता सताने लगी है। अब तो कांग्रेस की मति भी खराब हो गई है। देश की जनता उसे लगातार नकारने लगी है तो उसका कारण भी यही है कि वह अनर्गल बोलती और अनर्गल करती है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि कांग्रेस को सद्बुद्धि दे। प्रेस को जारी बयान में श्री डोंगरे ने आगे कहा कि कांग्रेस संगठन या उसके नेता-नेत्री भाजपा पर संविधान खत्म करने का मिथ्या आरोप लगाकर बदनाम करने की चाहे लाख कोशिश कर ले, जनता उस पर यकीन करने वाली नहीं है। श्री डोंगरे ने कांग्रेस द्वारा रैली निकाली जाकर भाजपा के विरुद्ध नारेबाजी की जाने पर कहा कि संविधान के बिना देश कैसे चलेगा। कांग्रेस ने यह सोचा भी है प्रति क्षण देश हित की सोचने और देश हित में करने वाली भाजपा के बारे में कांग्रेस की यह ओछी सोच ही उसे गर्त में ले जा रही है। जनता से दूर कर रही है। श्री डोंगरे ने कहा कि भाजपा ने देश की एकता व अखंडता को बनाये रखने तथा इसकी मजबूती के लिये संविधान संशोधन किया है तो देश की जनता ने इस निर्णय का स्वागत भी किया है। कांग्रेस यह क्यों भूलती है।



डोंगरे ने विपक्ष कांग्रेस को मुफ्त सलाह देते हुए कहा है कि वह जनभावनाओं की कद्र करना सीखे। इसी में उसकी भलाई है बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर व उनके द्वारा बनाये गये संविधान का पूरा सम्मान भाजपा करती थी करती है और करती रहेगी। देश की समझदार जनता कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है।

## अलग-अलग थाना क्षेत्र के कबाड़ी दुकानों की जांच की गई

**राजनांदगांव, 19 मई।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर के कबाड़ी दुकानों पर संदिग्ध समानों की चेकिंग करने हेतु अभियान चलाया गया जिस पर थाना कोतवाली, ओ.पी. चिखली, थाना बसंतपुर, थाना लालबाग, थाना सोमनी, थाना घुमका, थाना छुरिया, थाना गैंदाटोला, थाना डोंगरगढ़ एवं ओ.पी. तुमड़ीबोड़ ओ.पी. चिचोला पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्र के कबाड़ी दुकनों पर पहुंचकर संदिग्ध समानों की चेकिंग किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी कबाड़ी दुकानों पर संदिग्ध सामान नही पाया गया। सभी कबाड़ी दुकान के संचालकों को आवश्यक हिदायत दिया गया की किसी भी संदिग्ध समान मिलने पर तत्काल सूचना देवें और संदिग्ध व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर नोट करने हेतु कहा गया। जिले में लगातार वाहन चोरी की घटना को देखते हुए जिले में कबाड़ी गोदामों में चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है और वहां पाये जानेवाले वाहनों का दस्तावेज चेक किया जा रहा है कबाड़ी गोदाम संचालकों द्वारा दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराये जाने पर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना पूरी तरह अनुचित है:महेंद्र यादव

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 19 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में इन दिनों भाजपा सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है गांव गांव में सुशासन तिहार मना कर लोगों के समस्याओं का त्वरित निदान करने का आश्वासन भाजपा सरकार दे रही है, दूसरी तरफ भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के करीब 4000 स्कूल बंद होने और 35000 शिक्षकों के पद पद खत्म हों जाएगे जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है और यह निर्णय को शिक्षकों के सम्मान पर कुठाराघात बताते हुए श्री यादव ने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के नाम पर शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रूप में यह कदम शिक्षकों में असंतोष और असुरक्षा की भावना फैला रहा है जो शिक्षा के स्तर पर भी असर डाल सकता है।



यादव ने आगे कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार द्वारा सत्ता सरकार में आते ही छत्तीसगढ़ राज्य में 67 नई नई शराब दुकान खोलकर छत्तीसगढ़ के लोगों को शराब परोसने का काम साय सरकार कर रही है नई-नई शराब दुकान खोलने से युवाओं को शराब की ओर मुख मोड़ने का काम सरकार कर रही है।

दूसरी तरफ शिक्षा व्यवस्था में युक्तियुक्तकरण की फरमान से शिक्षकों के सम्मान पर कुठाराघात हुआ है श्री यादव ने आगे कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षकों को भय असुरक्षा सताने लगी है और उन्होंने कहा कि शिक्षकों के परिवार के लिए अनेक मुसीबत आएगी और सवाल यह है कि क्या भाजपा सरकार शिक्षा पद्धति को कमजोर करके छत्तीसगढ़ को पीछे धकेलना का कार्य भी कर रही है जो कि न्यायोचित नहीं है जहां छत्तीसगढ़ सरकार नई-नई शराब दुकान खोलकर शराब परोस रही है।

समाचार संक्षेप

## हमें पशुता से ऊपर उठाकर मानव मनुस्मृति ने बनाया है: शंकराचार्य

**रायपुर, 19 मई।** देश में ऐसा वातावरण बनाया जा रहा कि मनुस्मृति बहुत खराब किताब है। इतनी खराब कि संसार में जितनी समस्याएं हैं वो इसी के कारण उत्पन्न हो गई हैं। यह भी कहा जाता है कि डॉ. अम्बेडकर ने मनुस्मृति जलाकर उसकी जगह नया संविधान बना दिया इसीलिए कुछ राहत है। जिस मनुस्मृति से लोक-परलोक दोनों सुधर रहे थे, जिस मनुस्मृति ने हमको पशुता से ऊपर उठाकर मानव बनाया उसके बारे में ऐसा प्रचार वही कर सकता है जो हमको नष्ट करना चाहता हो या जो हमारा शत्रु हो। जो विधर्मी लोग हैं उन्हीं के द्वारा सनातन धर्म को नष्ट करने के लिए यह षड्यंत्र किया गया है। उक्त उद्गार परम धर्म संसद 1008 के 'परमाराध्य' परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' ने गंगा तट पर स्थित श्रीविद्यामठ में मनुस्मृति पर व्याख्यान करते हुए बताया। उन्होंने कहा कि जब किसी कार्यक्रम में राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री या कोई बड़ा अफसर आता है तो उसी के हिसाब से वहां की व्यवस्थाएं होती हैं और वो स्वयं भी सबके साथ समान व्यवहार नहीं करते। किसी को मंच पर बिठाते हैं तो किसी को आगे वाली कुर्सियों पर, तो किसी को पीछे, लेकिन जब बात करते हैं तो कहते हैं आप लोगों के साथ बड़ी असमानता हो रही है।



## नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की खुली पोल

- थोड़ी ही बारिश में सड़कों में बह रहा नाली का गंदा पानी, नागरिकों में आक्रोश

**डोंगरगढ़, 19 मई।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई जब नगर के प्रमुख वार्डों में थोड़ी सी बारिश में नाली का गंदा पानी सड़क पर आकर बहने लगा। वार्ड नंबर 16 महावीर पारा में नालिया इस कदर बजबजा रही है कि वहां आज शाम 10 मिनट की बारिश में नाली का गंदा पानी मुख्य मार्ग पर आकर बहने लगा। जिससे आने-जाने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह मार्ग नगर का प्रमुख मार्ग है। सोशल मीडिया में वहां के वीडियो वायरल होते रहे किंतु नगर पालिका का कोई भी कर्मचारी अधिकारी इस व्यवस्था को संभालने आगे नहीं आया। वार्ड नंबर 16 की नालियों का पानी वार्ड नंबर 11 के घरों के तरफ बहने लगा जिससे वार्ड नंबर 11 के नागरिकों में भी आक्रोश व्याप्त है बार-बार नगर की सफाई व्यवस्था को लेकर समाचार का प्रकाशन हो रहा है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में कोई कार्रवाई करने से बच रहे हैं। जिससे नागरिकों में खास रोश व्याप्त है। वार्ड के दीपक अग्रवाल सहित अन्य नागरिकों ने पालिका की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए एक टांट भी कसा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जाए जारी करते हुए नागरिकों को निमंत्रण दिया कि नगरपालिका द्वारा बमलेश्वरी वार्ड नंबर 11 को स्वर्ग बनाया गया है नगरवासियों से विनम्र निवेदन है कि जीते जी स्वर्ग का आनंद लें और नगरपरिषद का धन्यवाद देकर वार्डवासियों का उत्साह वर्धन करें। नगरवासियों के आगमन के इंतजार में वार्ड नंबर 11 के समस्त वार्ड वासी हैं। इस तरह के संदेश के बावजूद भी पालिका की कार्यप्रणाली पर कोई सकारात्मक बदलाव होता नजर नहीं आ रहा जिससे नागरिक खासे परेशान है और आक्रोशित भी।

## अमृत भारत स्टेशन पर रेलवे स्काउट गाइड फैलोशिप ने कराई विभिन्न प्रतियोगिताएं



- चयनित प्रतिभागी 22 मई को होंगे पुरस्कृत

**डोंगरगढ़, 19 मई।** आगामी 22 मई गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत रेलवे स्टेशन का उद्घाटन प्रातः 9 बजे होगा। इसी तारतम्य में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्काउट गाइड फैलोशिप जिला नागपुर शाखा डोंगरगढ़ द्वारा रेलवे इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वाधान में आज विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के संचालक देवेंद्र कुमार साखरे ने बताया कि निबंध व पेंटिंग की प्रतियोगिताएं रखी गई जिसमें पांच विद्यालयों के 100 से अधिक बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय मेरा अमृत स्टेशन ऑपरेशन सिंदूर व वीरता की मिसाल था जिस पर बच्चों ने अपने विचार लिखकर प्रस्तुत किये। इन सभी बच्चों में उत्कृष्ट विचारों को आगामी 22 मई को पुरस्कृत किया जाएगा। श्री साखरे ने बताया कि 22 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत रेलवे स्टेशन का उद्घाटन होगा उसे संबंध में ये प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता का संचालन देवेंद्र साखरे के निर्देशन में किया गया।

## हीरानार, अरनपुर तथा मंगनार में समाधान शिविर आयोजित



**दंतेवाड़ा, 19 मई।** सुशासन तिहार-2025 के परिप्रेक्ष्य में जिले में हो रहे समाधान षिविर के अतंर्गत आज विकासखण्ड गीदम अतंर्गत ग्राम हीरानार में समाधान शिविर का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ। इस मौके पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी ने ग्रामीणों से शिविर में अधिकाधिक भागीदारी अपील करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने का ग्रामीणों के लिए यहा एक अच्छा अवसर है। अतः अभी भी ग्रामीण अपने ग्राम से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर सकते है। क्योंकि पूरा प्रशासनिक महकमा उनके समक्ष उपस्थित है और उनके आवेदनों पर प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी। इसक्रम विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा 5 हितग्राहियों को किसान किताब वितरण, 17 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण, 6 कृषकों को विद्युत पंखें तथा अन्य 10 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 1919 प्राप्त आवेदनों और मांगों का निराकरण हुआ। इसके साथ ही इस शिविर में जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन का भी वितरण किया गया। इस क्रम में जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत अरनपुर में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अरनपुर, बुरगुम, नीलावाया, नहाड़ी, तनेली पोटाली के ग्रामीण जन शामिल हुये। इस समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 979 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 972 मांग व 07 शिकायत थे, जिसमें 963 तथा 07 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया। एवं 09 लंबित मांगों के निराकरण के लिए समय अवधि नियत की गयी है। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 09 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 04 नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया।

# स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य

- कलेक्टर ने जिले की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के दिए निर्देश
- छुरिया विकासखंड में 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माणाधीन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 19 मई।** जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे है। शासन स्तर से स्वीकृति उपरांत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्य निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत हैं। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करने के लिए निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए है। जिले के छुरिया विकासखंड में 2 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माणाधीन है। जिससे दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचल के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव में लगभग 2 करोड़ 94 लाख 55 हजार रूपए की लागत से फिजियोथेरेपी वार्ड का निर्माण किया जा रहा है। जिले में पूर्व में किसी भी प्रकार का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल नहीं था। जिसकी मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए 16 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसी प्रकार विकासखंड डोंगरगढ़ एवं घुमका में 50-50 लाख रूपए की लागत से ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट निर्माण भी अंतिम चरण में है।

बरसात के दिनों में जिला अस्पताल बसंतपुर में जल भराव की स्थिति बनती थी, उसे देखते हुए जिला चिकित्सालय में 3 करोड़ 56 लाख रूपए की लागत से कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ में विभिन्न प्रकार के 1 करोड़ रूपए का कार्य तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के नवीन भवन हेतु 75 लाख की लागत से निर्माण कार्य जल्द प्रारम्भ किया जा रहा है। साथ ही साथ मेडिकल कॉलेज में 2 करोड़ 79 लाख रूपए की लागत से ट्रामा सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बायो मेडिकल वेस्ट निपटान हेतु कार्य भी निर्माणाधीन है। जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं में नवीन व बड़े कार्यों की स्वीकृति प्राप्त होने से आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होगी।

संपादकीय

# भाजपा को मौका तो कांग्रेस ने दिया

राजनीति में तो सारे राजनीतिक दल मौके की ताक में रहते हैं कि कब मौका मिले और वह विरोधी दल को मात दें। राजनीति में शह और मात का खेल तो चलता रहता है,जिसको मौका मिलता है, वह शह और मात देने से नहीं चूकता है। होशियार नेता जो होता है वह विरोधी पर ऐसी जगह ठीक मौके पर चोट पर करता है कि विरोधी के मुंह से आह निकल जाती है और विरोधी सहित पूरे देश को पता चल जाता है कि राजनीति में होशियार कौन है और नालायक कौन है। होशियार वह होता है जो मौके की ताक में रहता है गहरी चोट करने के लिए और नालायक राजनीति में वह होता है जो गहरी चोट करने का मौका देता है। कांग्रेस और उसके नेता जानते हैं कि भाजपा मौके की ताक में है और वह कभी भी गहरी चोट दे सकती है,ऐसी चाल सकती है कि कांग्रेस को राजनीतिक रूप से नुकसान हो। पूर देश के सामने साबित हो जाए कि कांग्रेस अपने अनुभवी, समझदार,अच्छा बोलने वाले नेताओं का सम्मान नहीं करती है। इसी वजह से उसके अनुभवी नेता पार्टी छोड़कर चले गए हैं। जो बचे हैं, वह भी पार्टी के भीतर सम्मान व कोई जिम्मेदारी नहीं सौंपें जाने के कारण उपेक्षित महसूस कर रहे हैं और कभी भी वे पार्टी छोड़कर भाजपा में जा सकते हैं।वर्तमान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर कांग्रेस के ऐसे नेता हैं जिनका कांग्रेस सम्मान नहीं कर रही है। उनको कोई जिम्मेदारी नहीं दे रही है। शशि थरूर चाहते हैं कि कांग्रेस आलाकमान उनका पाटी में कोई उपयोग करें लेकिन जब से शशि थरूर ने कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ा है, तब से वह आलाकमान की नजर में चढ़ गए थे कि जो काम आलाकमान को पसंद नहीं है, वही काम शशि थरुर करते हैं। आलाकमान नहीं चाहता था कि कांग्रेस अध्यक्ष के लिए मतदान की नौबत आए। आलाकमान ने जिसे अध्यक्ष का प्रत्याशी बना दिया था,उसे ही कांग्रेस के सब नेताओं को अध्यक्ष मान लेता था लेकिन शशि थरुर ने चुनाव लड़कर मतदान की नौबत आई और शशि थरुर चुनाव हार गए, यह भी कहा जा सकता है कि उन्हें हरवा दिया गया क्योंकि पार्टी के भीतर तो पहले ही यह संदेश दे दिया गया था कि आलाकमान की पसंद को एम खरगे हैं। इसलिए ज्यादातर लोगों ने उनको वोट दिया और वह जीत गए। इसके बाद से शशि थरुर की पार्टी के भीतर उपेक्षा शुरू हो गई थी,उनको हर बैठक में बुलाया जरूर जाता था लेकिन उनको किसी काम के लायक नहीं समझा जा रहा था। चर्चा ऐसी भी रही कि राहुल गांधी व शशि थरूर के बीच एक बात कहासुनी भीहो गई थी और शशि थरूर ने राहुल गांधी से कह दिया था कि अगर पार्टी के पास उनके लिए कोई काम नहीं है तो उनके पास भी करने के लिए बहुत काम है। इस बात में दो मत नहीं है कि शशि थरूर केरल में कांग्रेस के बड़े नेता हैं। वह लगाताक चुनाव जीतते आ रहे हैं। कायदे से उनको तो कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में उनको सीएम का चेहरा बनाया जाना चाहिए लेकिन राहुल गांधी को शशि थरुर पसंद नहीं है, इसलिए उनको इस लायक नहीं समझा जा रहा है। शशि थरूर के महत्व का कांग्रेस नहीं समझ रही है, ऐसे में मौके का फायदा उठाना तो भाजपा जानती है, राहुल गांधी भले न जानते हों कि उनका कौन सा नेता किस राज्य में काम का है। भाजपा और पीएम मोदी जानते हैं कि कांग्रेस के किस नेता का उपयोग किस राज्य में कर भाजपा की राजनीतिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है।आज कांग्रेस के कई नेता भाजपा में है और कई राज्यों में वह भाजपा को मजबूत करने का काम कर रहे हैं जैसे असम के सीएम हेमंता विश्व शर्मा पहले कांग्रेस में थे और असम में भाजपा के सीएम है, राहुल गांधी के कारण यह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए और भाजपा आज असम में मजबूत है तो हेमंत के कारण है। यूपी में जितेन प्रसाद सहित कई नेताओं को भाजपा में चले जाने से भाजपा मजबूत हुई और कांग्रेस कमजोर हुई है। मप्र में सिंधिया सहित कई नेता कांग्रेस से भाजपा में गए और कांग्रेस यहां निरंतर चुनाव हार रही है और सिंधिया मप्र में भाजपा को मजबूत करने का काम कर रहे है, भाजपा ने उनको केंद्रीय मंत्री बनाकर पूरा सम्मान दे रही है। महाराष्ट्र मिलिंद देवड़ा सहित कई कांग्रेस नेता भाजपा में चले गए है कांग्रेस महाराष्ट्र में कमजोर हो गई है तथा भाजपा मजबूत हो गई है। कई राज्यों में कांग्रेस उसके नेताओं के भाजपा मे चले जाने से कमजोर हुई और कांग्रेस इससे कोई सबक नहीं लेती है। हाल ही में शशि थरूर पीएम मोदी के कई कार्यक्रमों में पीएम मोदी के साथ दिखाई दिए और पीएम मोदी ने भी उनको जितना महत्व देना था दिया। इससे साफ हो गया था कि पीएम मोदी चाहते हैं कि शशि थरूर भाजपा में आ जाएं और भाजपा उनका उपयोग केरल चुनाव जीतने के लिए कर सके। कांग्रेस शशि थरूर को किसी काम का नहीं समझ रही है और भाजपा उनको केरल में सीएम चेहरा बनाना चाहती है। इसकी चर्चा पूरे देश में है, ऐसे में कांग्रेस को कम से कम शशि थरूर का सम्मान करने का दिखावा तो करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस को मौका मिलने पर भी उसने शशि थरूर के प्रति सम्मान नहीं दिखाया। भाजपा व पीएम मोदी आतंक के खिलाफ संदेश देने के लिए सर्वदलीय सात समितियां बनाई हैं और उसमें सभी दलों के नेताओं को शामिल किया है,सभी समितिया अलग अलग देशों में जाकर पाकिस्तान के आतंकवाद व आपरेशन सिंदूर की जानकारी देंगे ताकि पाकिस्तान की हकीकत से पूरी दुनिया वाकिफ हो सके।इसके लिए मोदी सरकार ने कांग्रेस से सांसदों के नाम मांगे, ऐसा करके भाजपा ने कांग्रेस को मौका दिया कि वह अपने वरिष्ठ व अनुभवी नेताओं को चुनने का लेकिन कांग्रेस यहां पर चूक गई उसने कई नेताओं का नाम भेजा और शशि थरूर का नाम नहीं भेजा। भाजपा ने अपनी तरफ से शशि थरूर को एक समिति का नेतृत्व सौप दिया। यह बात कांग्रेस को बुरी लग रही है कि उसने शशि थरूर का नाम नहीं भेजा तो उसके एक समिति का नेतृत्व क्यों सौंपा गया। कांग्रेस चाहती थी कि शशि थरूर खुद समिति का नेतृत्व करने से मना कर दें लेकिन शशि थरूर ने ऐसा नहीं किया। भाजपा ने तो मौका दिया था कांग्रेस को शशि थरूर का नाम भेजने के लिए कांग्रेस ही मौका चूक गई तो भाजपा ने इस मौके का फायदा उठाया है शशि थरूर सहित देश का बता दिया है कि भाजपा अच्छे नेताओं का सम्मान करती है।

विश्लेषण

# यूपी की राजनीति में गिरती भाषा और बढ़ती ट्रोलनीति

अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार



उत्तर प्रदेश की राजनीति में हाल के दिनों में जिस तरह की तीखी बयानबाजी और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली बहसों ने तूल पकड़ा है, उसमें सबसे हालिया और विवादास्पद मामला समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी है। यह मामला न सिर्फ एक राजनीतिक टकराव का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि किस प्रकार डिजिटल युग में राजनीतिक दलों की ओर से किए गए पोस्ट सीधे सामाजिक सौहार्द, नैतिक मर्यादा और राजनीतिक विमर्श की गरिमा पर असर डाल सकते हैं। 16 मई को सपा मीडिया सेल के एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से एक पोस्ट किया गया जिसमें बृजेश पाठक के डीएनए पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। इस पोस्ट में उपमुख्यमंत्री की तुलना सोनागाछी और जीबी रोड जैसे देश के रेड लाइट एरिया से जोड़ते हुए यह कहा गया कि उनका डीएनए इन क्षेत्रों में नियमित रूप से आने वाले लोगों से मिलाया जाना चाहिए, ताकि उनकी वास्तविक पहचान सामने आ सके। पोस्ट में जिस प्रकार के शब्दों और प्रतीकों का इस्तेमाल किया गया, वह न केवल अभद्र था, बल्कि महिलाओं और वंचित वर्गों के प्रति भी एक अपमानजनक दृष्टिकोण को उजागर करता है। यही कारण था कि इस पोस्ट को लेकर तीव्र राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई और बृजेश पाठक ने स्वयं इसे अपनी दिवंगत माता-पिता का अपमान बताते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से पूछा कि क्या यही उनकी पार्टी की भाषा है। बृजेश पाठक ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिस स्तर की मानसिकता का परिचय इस पोस्ट के माध्यम से दिया है, वह न केवल स्त्री विरोधी है बल्कि पतित सोच को भी दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में विचारों का विरोध होता है, लेकिन किसी के चरित्र और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर इस तरह के व्यक्तिगत हमले करना राजनीति को गटर में ले जाने जैसा है। उन्होंने अखिलेश यादव से यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या यह उनकी पार्टी की अधिकृत नीति है या किसी असंतुलित व्यक्ति की निजी राय, जिसे पार्टी ने अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि समाजवाद के नाम पर सपा जिन बातों को बढ़ावा दे रही है, वह केवल गाली-गलौच, जातिगत विद्वेष और अनैतिक आचरण का पर्याय बन चुका है। इस पूरे मामले ने भाजपा



कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी सक्रिय कर दिया। लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हजरतगंज थाने में समाजवादी पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। एफआईआर में यह कहा गया कि यह पोस्ट न केवल जातीय विद्वेष फैलाने वाली है, बल्कि महिलाओं का घोर अपमान करती है और समाज में आपसी सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करती है। इसके अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं ने लखनऊ में विरोध प्रदर्शन करते हुए अखिलेश यादव का पुतला जलाया और समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस प्रकार की अभद्रता के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई सार्वजनिक माफी नहीं मांगी जाती, तो वे आंदोलन तेज करेंगे। वहीं अखिलेश यादव ने इस पूरे प्रकरण पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि उन्होंने अपने सभी कार्यकर्ताओं से संयमित भाषा का प्रयोग करने को कहा है। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि उपमुख्यमंत्री को भी अपनी भाषा और व्यवहार पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में यदि सत्ता पक्ष की ओर से निरंतर अनर्गल आरोप लगाए जाएंगे, तो विपक्षी कार्यकर्ताओं में भी प्रतिक्रिया की भावना उत्पन्न होगी। अखिलेश का यह बयान इस ओर इशारा करता है कि वे इस मामले में पूरी तरह सपा की सोशल मीडिया टीम के साथ खड़े हैं और उन्होंने यह भी संकेत दिया कि यदि भाजपा को ऐसी टिप्पणियों से आपत्ति है तो उन्हें भी अपने नेताओं के बयानों की जांच करनी चाहिए।

बृजेश पाठक ने इसके जवाब में अखिलेश यादव पर एक बार फिर से तीखा प्रहार किया और कहा कि समाजवादी पार्टी अब समाजवाद की प्रयोगशाला नहीं, बल्कि गाली-गलौच की प्रयोगशाला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस डॉ. राममनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण के सिद्धांतों को सपा अपनाने का दावा करती है, उनकी आत्मा इस तरह के कृत्यों से व्यथित होगी। पाठक ने यह भी कहा कि राजनीति में नैतिकता और शालीनता होनी चाहिए, लेकिन सपा नेतृत्व ने अब इसे पूरी तरह ताक पर रख दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि विपक्षी दलों को लगता है कि सत्ता पक्ष की नीतियों में कोई त्रुटि है, तो उन्हें तथ्यों के आधार पर बात करनी चाहिए, न कि व्यक्तिगत स्तर पर जाकर अनर्गल आरोप लगाने चाहिए। यह प्रकरण न सिर्फ एक राजनेता के मान-सम्मान से जुड़ा है, बल्कि यह पूरे लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी सवाल खड़ा करता है। सोशल मीडिया आज राजनीति का एक अत्यंत प्रभावशाली मंच बन चुका है। लेकिन जिस प्रकार से राजनीतिक दलों की ओर से इस मंच का उपयोग अब मर्यादाहीन और असंयमित भाषा के लिए किया जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। यह केवल एक दल या एक नेता का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे राजनीतिक विमर्श की गिरती गुणवत्ता का प्रमाण है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में स्वस्थ आलोचना एक अनिवार्य तत्व होती है, लेकिन जब यह आलोचना निचले स्तर पर जाकर निजी जीवन, पारिवारिक पृष्ठभूमि और जातिगत पहचान पर केंद्रित हो जाए, तो इससे न केवल राजनीतिक वातावरण दूषित होता है, बल्कि आम जनता के बीच भी राजनीति के प्रति विश्वास में गिरावट आती है।

इस घटनाक्रम से यह भी स्पष्ट होता है कि राजनीतिक दलों को अपने सोशल मीडिया प्रबंधन के लिए केवल तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि वैचारिक परिपक्वता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए। यह आवश्यक है कि सोशल मीडिया टीमों को केवल पार्टी लाइन का प्रचार करने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया जाए कि भाषा की मर्यादा और समाज की संवेदनाओं का आदर किस प्रकार किया जाता है। इस दिशा में अगर सख्ती नहीं बरती गई, तो आने वाले समय में राजनीतिक संवाद केवल ट्रोल संस्कृति में सिमटकर रह जाएगा। साथ ही यह मामला महिलाओं के प्रति सम्मान और सामाजिक चेतना से भी जुड़ा हुआ है। जिस प्रकार से पोस्ट में रेड लाइट क्षेत्रों और वहाँ काम करने वाली महिलाओं को उपहास का माध्यम बनाया गया, वह स्त्री विरोधी मानसिकता की ओर इशारा करता है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात करने वाले दल यदि इस प्रकार की अभद्रताओं को संरक्षण देते हैं, तो यह न केवल पाखंड है बल्कि उस समावेशी समाज के खिलाफ एक सीधा प्रहार है जिसकी कल्पना संविधान करता है। आखिरकार यह पूरा विवाद इस बात की ओर संकेत करता है कि भारतीय राजनीति को अब विचारधारा की बजाय ट्रोलिंग और बदजुबानी के रास्ते पर धकेला जा रहा है। यह जरूरी है कि देश के सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, इस प्रवृत्ति पर गंभीर आत्ममंथन करें।

राजनीतिक विमर्श को गरिमामय बनाना केवल भाषणों और घोषणाओं से नहीं होगा, बल्कि वह नेताओं और उनके संगठनों की वास्तविक नीयत और कार्यशैली से प्रकट होगा। अगर इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संभावना प्रबल है कि राजनीति में वैचारिक संघर्ष के स्थान पर व्यक्तिगत अपमान और नैतिक पतन ही मुख्य हथियार बन जाएंगे। यह भारतीय लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत होगा और इसका दुष्परिणाम देश की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। धन प्राप्ति के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होगी। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है और यदि बेवजह किसी बात को लेकर वाद-विवाद किया, तो इससे आपके आपसी रिश्तों में समस्याएं बढ़ेगी। आप अपनी इनकम को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने नही देंगे।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपका आत्मविश्वास मजबूत होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा। आप अपने जीवनसाथी से किसी बात को लेकर वाद-विवाद में पड़ सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपको काम को लेकर चुनौतियां अधिक रहेगी, क्योंकि आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने व्यवसाय को आगे ले जाने के लिए कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। सरकारी योजना में आप इन्वेस्टमेंट करने के बारे में सोच विचारकर सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। जरूरी काम आपके समय से पूरे होंगे और आपको किसी बात को लेकर यदि मन में कोई संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आप अपने किसी दूर रह रहे परिजन से मेल मुलाकात करने जा सकते हैं। आप यदि व्यवसाय में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो किसी एक्सपर्ट की राय के बिना ना करे। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी तर्क-वितर्क में पड़ने से बचना होगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। सेहत को लेकर यदि आपकी कोई समस्या लंबे समय से चल रही थी, तो वह भी दोबारा उभर सकती है।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। अपने करियर को संवारने के लिए आपको कोई बेहतर अवसर मिलेगा। प्राइवेट नौकरी में कार्यरत लोग बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। पेट संबंधित समस्याओं को लेकर आप परेशान रहेंगे। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। आध्यात्म के विषयों पर आपकी पूरी रुचि रहेगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपने खानपान पर नियंत्रण बनाने की आवश्यकता है। कुछ अजनबी लोगों पर भरोसा करना आपको फायदा देगा। शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं। आपको वाहनों का प्रयोग बहुत ही सावधान रहकर करना होगा। आपको अपने कामों को लेकर बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया है, तो उसे आप पूरी लिखापढ़ी करके दें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। आप अपने व्यवसाय के कामों में कोई बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आपकी सेहत में गिरावट आने से आपका मन परेशान रहेगा। पारिवारिक मामलों को आप घर में रहकर ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर थोड़ा सावधान रहना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होने से आप खुश रहेंगे और आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने की कोशिश करेंगे।

**मकर** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको अकस्मात लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप दोस्तों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो आप उसे पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। परिवार में किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। माता-पिता से आप काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए लेनदेन के मामले में सावधानी बरतनी के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, जिससे पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आपकी सुख- सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखें, नहीं तो आपकी समस्याएं बढ़ेंगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। भाई और बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोग अपने सहयोगियों से किसी जरूरी काम को लेकर सलाह ले, तो बहुत ही सावधानी बरतें, क्योंकि वह आपको कोई गलत सलाह दे सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी सामंजस्य की कमी के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं। आपको पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में जीत मिलेगी। धन को लेकर आप योजना बनाकर चलें, तो ही आपके लिए बेहतर रहेगा।

चर्चित मुद्दा

# अनायास ही नहीं किया गया कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी का अपमान

तनवीर जाफ़री



मध्य प्रदेश सरकार का विजय शाह नामक एक मंत्री इन दिनों अपनी बदज़ुबानी को लेकर चर्चा में है । यह व्यक्ति मध्य प्रदेश की हरसूद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की हैसियत से लगातार आठ बार विधायक चुना जा चुका है। उस ने पिछले दिनों भारत पाक तनाव के दौरान हुये ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में भारतीय सेना का पक्ष रखने वाली कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी के बारे में अत्यंत विवादित और आपत्तिजनक बयान दे दिया जिससे देश के आम लोगों से लेकर अदालत तक घोर ग़ुस्से में आ गई। इस बड़बोले मंत्री ने एक सार्वजनिक सभा में कर्नल सोफ़िया को "आतंकियों की बहन" बताया और उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। पहलगाम में हुये कायराना आतंकी हमले का संदर्भ देते हुये विजय शाह ने एक जनसभा में कहा कि "जिन लोगों (आतंकवादियों ) ने हमारी बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, मोदी जी ने 'उन्हीं की बहन' भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करा दी।" निश्चित रूप से यह बयान न केवल उस मंत्री के अज्ञान को दर्शाता है बल्कि इस तरह का बयान देकर उसने कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी की बहादुरी उनकी राष्ट्रभक्ति और भारतीय सेना में उनके योगदान का भी अपमान किया। हालांकि अपनी इस अति विवादित टिप्पणी के बाद देश में उसके विरुद्ध उपजे आक्रोश को देखते हुये उसने मुआफ़ी मांग ली और कहा कि अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो तो वे इसके लिए खेद प्रकट करते हैं। परन्तु मंत्री के इस बयान पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसके विरुद्ध देशद्रोह का मुक़दमा दर्ज करने का आदेश दे दिया। परिणाम स्वरूप इंदौर ज़िले के महू के मानपुर थाने में उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को अपनी ज़िम्मेदारी का एहसास होना चाहिए और ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने विजय शाह द्वारा, दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग पर अंतरिम राहत देने से भी इनकार कर दिया और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने से भी मना कर दिया। जिस कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को उसने "आतंकियों की बहन" बताकर अपमानित किया ज़रा उसकी पारिवारिक पृष्ठ भूमि पर भी नज़र डालिये। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोफ़िया क़ुरैशी के परदादा मोहम्मद ग़ौस अंग्रेज़ों की सेना में बड़े पद पर तैनात थे परन्तु 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में जोकि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण जन-आंदोलन था, उसी दौरान वे ब्रिटिश सेना छोड़कर देश के स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गये। इसी तरह कर्नल सोफ़िया के दादा मुहम्मद हुसैन भारतीय सेना में सेवारत थे। बाद में सोफ़िया क़ुरैशी के पिता ताज मोहम्मद क़ुरैशी भी भारतीय सेना में इलेक्ट्रॉनिक एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में कार्यरत रहे और 1971 के भारत पाक युद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतना ही नहीं बल्कि कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी के एक चचा इस्माइल क़ुरैशी भी भारतीय सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार थे। और उनके एक और दूसरे चाचा वली मुहम्मद क़ुरैशी आज भी सीमा सुरक्षा बल में सूबेदार के पद पर तैनात हैं। अब कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी तो स्वयं भारतीय सेना में हैं ही साथ ही उनके पति कर्नल ताजुद्दीन भी भारतीय सेना में ही हैं और मेकेनाइ'इंफ़ेंट्री




में अधिकारी हैं। यही नहीं बल्कि कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी का बेटा 18 वर्षीय समीर क़ुरैशी है और वह भारत की वायुसेना में शामिल होने के लिए परीक्षा दे चुका है जबकि उनकी बेटी हनीमा क़ुरैशी भी वायुसेना में पायलट बनने की तैयारी कर रही है। कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी की तुलना विजय शाह जैसे अनेकानेक उन नफ़रती चिंटुओं की पारिवारिक पृष्ठभूमि से करके देखिये तो स्वयं पता चल जायेगा की वास्तविक देशभक्त और पेशेवर नफ़रतबाज़ों की देशभक्ति में कितना अंतर है। कर्नल सोफ़िया व उनके परिवार से जुड़े राष्ट्रभक्ति के और भी अनेक क़िस्से हैं। परन्तु ऐसे महान देशभक्त योद्धा परिवार को अपमानित करने में इस 'संस्कारी नफ़रती मंत्री' ने कोई समय नहीं गंवाया। परन्तु स्वयं को चौतरफ़ा ज़लील होता देख अब न केवल मुआफ़ी मांगता फिर रहा है बल्कि मंत्री होने के बावजूद लुका छुपा भी फिर रहा है। इसको यह भी नहीं पता कि कर्नल सोफ़िया पिछले दिनों हुये ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान युद्ध के मोर्चे पर नहीं गयी थीं बल्कि उन्हें व उनके साथ भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को भारतीय सेना द्वारा देश की साम्प्रदायिक एकता तथा आतंकयों द्वारा पर्यटकों का धर्म पूछ कर चुन चुन कर मारे गये पुरुषों का ऑपरेशन सिन्दूर के द्वारा बदला लिये जाने के प्रतीक स्वरूप मीडिया के सामने प्रवक्ता के रूप में पेश किया गया था। जबकि 'अज्ञानी मंत्री' कर्नल सोफ़िया को युद्ध मोर्चे पर लड़ने वाली बता रहा था? ऑपरेशन सिन्दूर में कर्नल सोफ़िया ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था। यह पहला अवसर नहीं था जबकि दक्षिणपंथी हिंदूवादी विचारधारा के किसी नेता ने इसतरह की बात कर धर्म विशेष के लोगों को अपमानित किया हो और न ही अपनी बदतमीज़ी व बदज़ुबानी के लिये मुआफ़ी मांगने वाला यह कोई पहला व्यक्ति था। बल्कि सही मायने में इस तरह की नफ़रती बातें करना और चारों और से थूके जाने पर मुआफ़ी मांग लेना यह सब बातें इनके संस्कारों में शामिल हैं। संसद से लेकर जनसभाओं व प्रेस वार्ता तक में यह ज़हरीले लोग अक्सर ऐसी बातें करते सुने व देखे जाते है। दरअसल इनके नफ़रती संस्कार राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक रहे माधवराव सदाशिव गोलवलकर के विचारों से प्रेरित हैं जोकि अपने लेखन और भाषणों में मुसलमानों, ईसाइयों और कम्युनिस्टों को भारत के लिए ख़तरा, "आंतरिक दुश्मन" और "राष्ट्र के तीन दुश्मन" के रूप में बताया करते थे।

इनसे प्रेरणा प्राप्त नफ़रती व विषवमन करने वालों को न तो अशफ़ाक़ुल्लाह ख़ान की क़ुर्बानी की अहमियत का अंदाज़ा है न ही सुभाष चंद्र बोस की आज़ाद हिन्द फ़ौज के जनरल शाहनवाज़ ख़ान की बहादुरी व अदम्य साहस का। इन्हें न ही ब्रिगेडियर उस्मान की क़ुर्बानियां नज़र आती हैं न ही वीर अब्दुल हमीद का बलिदान न ही न ही देश को परमाणु शक्ति बनाने वाले मिसाईल मैन भारत रत्न ए पी जे अब्दुलकलाम का भारतीय रक्षा क्षेत्र में किया गया योगदान। जिनके आदर्श गोलवरकर और मुआफ़ी वीर सावरकर व गाँधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे जैसे लोग हों उनसे कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी का अपमान अनायास ही हुआ है,ऐसा हरगिज़ नहीं कहा जा सकता।

# सुकमा में दो लाख की इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 19 मई।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में सीआरपीएफ और पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। टीम ने दो लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ के साथ समन्वय करके नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इसी दौरान जगरगुण्डा थाना क्षेत्र में दबिश दी गई। टीम ने दो लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार किया, जिसकी शिनाख्त मिड़ियम बुधरी के रूप में हुई। उस पर 13 सितंबर 2024 को एक शख्स की पुलिस मुखबिरी के आरोप में पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहले पिटाई की गई। इसके बाद रस्सी से गला घोंट दिया गया। पुलिस गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है कि बुधरी की गिरफ्तारी के बाद नक्सली



गतिविधियों को पूरी तरह खत्म करने में सफलता मिलेगी। बता दें कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने की योजना पर काम कर रही है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के सुकमा के अलावा बस्तर और सरगुजा में भी विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं और लगातार सफलता भी मिल रही है। वहीं, जिला गरियाबंद के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान थाना मैनपुर क्षेत्र के गांव गौरमुंड के जंगलों में नक्सलियों की सूचना के बाद जिला बल और सीआरपीएफ टीम की संयुक्त कार्रवाई की गई। इस दौरान पांच किलोग्राम के दो आईईडी बरामद हुए। सुरक्षा बलों ने उन्हें निष्क्रिय कर दिया है। नक्सलियों की ओर से जंगल में लगाए गए इस आईईडी से नजदीक गांव के ग्रामीणों और पशुओं को भी नुकसान हो सकता था। सुरक्षाबलों के सर्च अभियान के दौरान जंगल में सोलर प्लेट, वायर, बर्तन जैसी अन्य नक्सल

## बीआईओपी स्कूल की देविका भादुड़ी ने 12 वीं की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**किरंदुल, 19 मई।** लौह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी परियोजना की स्थापना के समय से ही परियोजना द्वारा स्थापित व संचालित बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में सदैव से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय व नगर को गौरवान्वित करते रहे है। यह विद्यालय सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित है इस वर्ष भी 12वीं के परीक्षा परिणाम में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय की कु. देविका भादुड़ी ने 87 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कु. देविका भादुड़ी जो कि पिता सुशांत भादुड़ी व माता रीता भादुड़ी की सुपुत्री है। उन्होंने बीआईओपी सीनियर सेकंडरी स्कूल किरंदुल से पहली कक्षा से 12 वीं तक अध्यापन किया। देविका बच्चपन से ही मेघावी व शिक्षकों की प्रिय छात्रा रही है। कक्षा पहली से लेकर 12 वीं तक सदैव प्रथम स्थान पर रही है। और इस वर्ष भी 12 वीं में अव्वल आकर माता पिता के साथ विद्यालय का नाम रौशन किया है। अध्ययन के अतिरिक्त सांस्कृतिक व सामाजिक क्षेत्र में भी देविका की अपनी अलग पहचान है। अपने भविष्य की अभिलाषा के बारे में बताते हुए देविका ने कहा कि मै डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हूं। जिसके लिए मैं नीट परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। नगरवासियों ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



■ डॉक्टर बनकर मरीजों की सेवा करूंगीः भादुड़ी

## कंपनी व ठेकेदार की लापरवाही से सड़क की दुर्दशा हो गई

**जगदलपुर, 19 मई।** मित्तल कंपनी और सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदार ने सुकमा जिले के दोटपाल और पड़वारास गांवों में कुशसन ला दिया है। कंपनी और ठेकेदार की लापरवाही के चलते सड़क की दुर्दशा हो गई है। ग्रामीण परेशान हैं। इसे देखते हुए क्षेत्र की जिलापंचायत सदस्य गीता कवासी ने क्षेत्र की जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी निभाते हुए मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने रोड की समस्या को लेकर जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी को गांव के लोगो को हो रही परेशानी से अवगत कराया। ग्रामीणों के मुताबिक कई बार जिला प्रशासन को अवगत कराने और सुशासन तिहार में आवेदन देने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। सड़क पर बजरी गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन और राशन लाने में परेशानी हो रही है। महिलाओं की डिलवरी या स्वास्थ्य संबंधी आपात परिस्थिति में एंबुलेंस भी गांव तक नहीं पहुंच पाती। जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी ने गांव का दौरा कर हालात देखे। उन्होंने बताया कि सड़क की बदहाली के लिए मित्तल कंपनी एवं और ठेकेदार जिम्मेदार हैं। इन्होने अपने फायदे के लिए रोड को जर्ज़र कर छोड़ दिया है। अब बरसात मे और आना जाना और भी मुश्किल हो जाएगा। गीता कवासी ने ग्रामीणों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि वे बहुत जल्द जिला प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराएंगी और समस्या का समाधान करवाएंगी। गीता कवासी



ने कहा है कि अगर समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया तो उन्हें और ग्रामीणों को चक्काजाम से लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। गीता कवासी ने बताया कि लाल मिट्टी ठेकेदार अपने फायदे के लिए सुकमा के लोगो की जान जोखिम मे डाल रहा है। उसकी मनमानी नहीं चलेगी।ग्रामीणों की समस्या को लेकर क्यों न किरंदुल में मित्तल ऑफिस के सामने क्यों न बैठना पड़े, वे बैठेंगी। इस सड़क पर रोज दर्जनों लाल मिट्टी गाड़ी का चलना कई दुर्घटना को आमंत्रित करना है। जिला प्रशासन और मित्तल कंपनी जल्द पड़वारस से दोटपाल रोड बनाए और लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई करे।

■ सड़क की दुर्दशा को लेकर आंदोलन की चेतावनी

■ जिला पंचायत सदस्य गीता कवासी ने खोला मोर्चा

## एक नजर

### वित्तमंत्री ओपी चौधरी माताओं की गोद भराई रस्म में शामिल हुए

**सुकमा, 19 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के वित्तमंत्री श्री ओपी चौधरी जी के जगरगुंडा प्रवास के दौरान जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का शुभारंभ किया गया साथ ही मंत्री जी के साथ सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल होकर जन समस्याओं का निराकरण किया एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई रस्म में शामिल होकर उनके उतम स्वास्थ्य की कामना की।

### मनोरंजक गतिविधियों और ज्ञानवर्धक सवालों के बीच उठाया रंगारंग कार्यक्रम का आनंद

**कोरबा, 19 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कोरबा के घंटाघर ऑडिटोरियम, परिसर के चैपाटी में जनसंपर्क विभाग के माध्यम से एक दिवसीय विशेष इवेंट का आयोजन किया गया। आम नागरिकों से प्रत्यक्ष रूबरू होकर उनसे मनोरंजक गतिविधियों में शामिल किया गया। ज्ञानवर्धक सवाल भी पूछे गए और सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस आयोजन में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को सफ्ल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, लाभार्थियों से संवाद स्थापित करना और सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था।

### कोरबी-चोटिया क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप, उपभोक्ताओं में आक्रोश

**कोरबा, 19 मई।** पोडी उपरोड़ा ब्लाक के सुदूर वनांचल ग्रामीण क्षेत्रो में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई है। अभी तक विद्युत वितरण कंपनी के आला अधिकारियों ने विद्युत सप्लाई शुरू करने में अपनी रुचि नहीं दिखाई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में भी खामोशी है। शनिवार 17 मई को अचानक मौसम खराब होने से कोरबी एवं सिरमिना फीडर में खराबी आ जाने के कारण 70 से अधिक गांवों में आपूर्ति पुरी तरह ठप्प हो गई है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि 24 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति ठप्प हो जाने से पीने का शुद्ध पेयजल भी नसीब नहीं हो रहा है एवं जेठ महीने की तपिश, भारी उमस से बचने के लिए ग्रामीण घर में लगे पंखे,कूलर का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आवश्यक वस्तु मोबाइल को भी चार्ज करना दुश्वार हो गया है।

### डीएमएफशासी परिषद की कार्यशैली को लेकर सांसद ने उठाए सवाल

**कोरबा, 19 मई।** खनन प्रभावित क्षेत्र के लोगों के लिए भारत सरकार के द्वारा जिला खनिज न्यास मद का गठन किया गया है इस संस्थान का स्पष्ट उद्देश्य है कि ऐसे क्षेत्र के प्रभावित लोगों के समुचित विकास जिसमें आवास पेयजल स्वास्थ्य सड़क और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं इसे जिला खनिज न्यास मद के माध्यम से उन लोगों को सुविधा देना है लेकिन इसके उलट एसईसीएल कोयला खदान के प्रभावितों को इसका लाभ नहीं मिलता दिख रहा है इन्हीं सब तथ्यों का उल्लेख करते हुए कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने कलेक्टर अजीत बसंत को पत्र लिखा है और कई सवाल उठाए हैं जिनका जवाब जिला प्रशासन के माध्यम से सांसद को दिया जाए। कोरबा कलेक्टर को लिखे पत्र में सांसद ने उल्लेख किया है कि भारत सरकार के द्वारा खान और खनिज विकास और विनिमय अधिनियम के तहत वर्ष 2015 के दौरान राज्य सरकारों को डीएमएफके लिए उनके द्वारा बनाए गए नियमों में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना को शामिल करने का निर्देश दिया था इस निर्देश के तहत संपूर्ण देश के 23 राज्यों के 640 जिलों को शामिल किया गया था उसे दौरान विभिन्न मंत्रालय और विभागों वित धारकों से सरकार को सुझाव प्राप्त हुए थे।

# जगरगुंडा में खुली इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा,साय ने किया वर्चुअल शुभारंभ

■ डबल इंजन की सरकार में बस्तर में शांति स्थापित करने में मिल रही कामयाबीः मुख्यमंत्री

■ राज्य सरकार के प्रयासों से दूरस्थ अंचल में बैंकिंग सुविधाओं का हो रहा प्रसार

■ 12 गांवों के लगभग 14 हजार लोगों को मिलेगा बैंक का लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 19 मई।** लंबे समय से नक्सल समस्या से प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा क्षेत्र के लोगों को भी अब बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास से सुकमा के जगरगुंडा में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा का वर्चुअल शुभारंभ किया। बैंक की इस शाखा से आसपास के 12 गांव के लगभग 16 हजार ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने शुभारंभ कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लोगों के लिए ऐतिहासिक है। लंबे समय से यह क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित रहा है। पिछले डेढ़ वर्षों में हमारी डबल इंजन की सरकार में हम बस्तर क्षेत्र में शांति स्थापित करने में कामयाब हुए हैं। यही कारण है कि आज यहां बैंक की नई शाखा खुली है। लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की सुरक्षा, विकास और विश्वास की रणनीति, सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और केंद्र और राज्य सरकार के दृढ़ संकल्प से बस्तर अंचल के गांव तेजी से नक्सल समस्या से उबर कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में सभी ग्राम पंचायत में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने की गारंटी दी गई है, जिस पर अमल करते हुए 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर प्रत्येक विकासखंड की 10 - 10 ग्राम पंचायतों में 1460 अटल पंचायत डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। जहां ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारंभ हो गया है। एक वर्ष में सभी ग्राम पंचायतों में इस सुविधा का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सुशासन तिहार की भी विस्तार से जानकारी दी। श्री साय ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान उन्होंने स्वयं डिजिटल सेवा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। ग्रामीण यहां बैंकिंग सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जब वे दंतेवाड़ा में कलेक्टर थे, तब यह इलाका घोर नक्सल प्रभावित था। अंदरूनी इलाके में जाने के पहले सोचना पड़ता था। वर्ष 2001 में इस भवन में ग्रामीण बैंक की शाखा थी, जिसे नक्सलियों द्वारा लूटने का प्रयास किया गया था। आज इसी भवन में इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा खुल रही है। यहां से ग्रामीणों को तेंदूपत्ता बोनस, किसान सम्मान निधि जैसी अनेक योजनाओं की राशि गांव में ही मिलेगी।

वित्तमंत्री चौधरी ने बैंक परिसर में कैश काउंटर और शाखा प्रबंधक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए बैंक में अपना भी खाता खुलवाया। उनके साथ महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी ने भी बैंक में अपना खाता खुलवाया। उल्लेखनीय है कि बैंक के साथ ही एटीएम की सुविधा भी ग्रामीणों के लिए उपलब्ध कराई गई है।

## बोर्ड परीक्षा में लगातार बेहतर परिणाम के लिए लेशन प्लान बनाकर तैयारी सुनिश्चित करेंः कलेक्टर

■ बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और प्राचार्यों को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 19 मई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के बेहतर प्रदर्शन पर आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की नवाचारी पहल गौरव गरियाबंद अभियान के फलस्वरूप इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

जिले में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90.17 प्रतिशत एवं दसवीं का 80.70 प्रतिशत रहा। कलेक्टर बी एस उइके ने गौरव सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10वीं के 23 और 12वीं के 11 बच्चों और इन स्कूलों के प्राचार्यों को सम्मानित किया। साथ ही बच्चों एवं शिक्षकों को बेहतर परिणाम के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे इसी तरह लगातार कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़े। साथ ही शिक्षकगण बोर्ड परीक्षा में लगातार बेहतर परिणाम के लिए लेशन प्लान बनाकर तैयारी सुनिश्चित करवाएं। जिस क्षेत्र में कमियां है उन्हें सुधारकर और अच्छा कार्य करे। बच्चों को सैद्धांतिक के साथ प्रायोगिक तरीके से भी समझाएं जिससे उन्हें बेहतर समझ आएगा। सिलेबस को छोटे छोटे हिस्से में बांटकर जुलाई से ही तैयारी शुरू करवाएं जिससे समय पूर्व कोर्स पूर्ण हो और बच्चे बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार हो जाए। उन्होंने कहा कि नीट और जेईई की तैयारी के लिए कार्ययोजना बनाकर बच्चों को तैयारी करवाए। इस अवसर पर डी ईओ ए के सारस्वत, डीएमसी के एस नायक गौरव गरियाबंद के नोडल श्याम चंद्राकर, मनोज केला, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बी आर सी सहित शिक्षक एवं विद्यार्थिगण मौजूद रहे।

### गौरव गरियाबंद ने लहराया परचम

परीक्षा परिणाम के मामले में 2 साल मे जिले का रैंक 22 वे स्थान से चौथे स्थान मे आ गया है। 2 वर्ष पूर्व जिले में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता सुधार हेतु गौरव गरियाबंद अभियान की शुरुआत की गई थी। इन दो वर्षों में 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में जिले का रैंक लगातार बढ़ा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए के सारस्वत ने बताया कि, जिले का रैंक 12वीं में 22 वे स्थान से चौथे स्थान पर तथा दसवीं में 19वें स्थान से 14वें स्थान पर पहुंच गया है। प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों की संख्या दसवीं में 26 प्रतिशत से बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया है। 12वीं में यह प्रतिशत 25 प्रतिशत से बढ़कर 45 प्रतिशत हो गया है। शत प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों की संख्या दसवीं में 6 से बढ़कर 23 हो गया है तथा 12वीं में 6 से बढ़कर 11 हो गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की तुलना में परीक्षा परिणाम कक्षा बारहवीं में 8 प्रतिशत एवं दसवीं में 3 प्रतिशत की वृद्धि रही। कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। इसके फलस्वरूप राज्य स्तर की रैंकिंग में कक्षा बारहवीं में 33 जिलों में चौथा स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में इस वर्ष 14वें स्थान हासिल किया है। जिले के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर श्री बीएस उइके ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए लगातार अच्छे काम करने एवं छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों एवं शिक्षकों के मेहनत की भी प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी।

### हसदेव-बांगो डूबान क्षेत्र में बनेगा छत्तीसगढ़ का पहला एक्वापार्क

**कोरबा, 19 मई।** मछली पालन और उसकी आय ने हसदेव डूबान के आसपास बसे सैकड़ों ग्रामीणों की जीवन को प्रभावित किया है। केज कल्चर के माध्यम से मछली उत्पादन करने की तरकीब ने न केवल उनके हाथों में रोजगार और जेब में पैसे दिए, अपितु जीवनयापन का एक नया जरिया भी विकसित किया है। मछली उत्पादन से वे आत्मनिर्भर की राह में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं विदेशों में खासा डिमांड वाले तिलापिया प्रजाति की मछली का पालन करने से मछली पालन करने वालों का व्यापार का द्वार सात समंदर पार भी खुलने लगा है। केज कल्चर के माध्यम से मछली उत्पादन करने वाले ग्रामीणों द्वारा तिलापिया प्रजाति के मछली का पालन किये जाने से उनकी आमदनी भी बढ़ने की संभावना है। देश के अलग-अलग राज्यों और अनेक शहरों में मछलियों को बेचकर आत्मनिर्भर की राह में कदम बढ़ाने वाले ग्रामीण विदेशों से डिमांड आने पर न सिर्फ खुश है, वे अधिक से अधिक उत्पादन कर ज्यादा से ज्यादा आय अर्जित करने की संभावना जता रहे हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना और जिला खनिज संस्थान न्यास के सहयोग से कोरबा जिले के सरभोंका स्थित निमउकछार हसदेव जलाशय में लगभग 800 नग केज की स्थापना की गई है। जिसमें विस्थापित ग्रामों के 9 पंजीकृत सहकारी मछुआ समितियों के 160 सदस्यों का चयन किया गया। हसदेव बांगो जलाशय में प्रभावित परिवारों के आजीविका को ध्यान रखकर सभी सदस्यों को 5-5 केज दिये गये।

## समाधान शिविर का आयोजन



**जगदलपुर, 19 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आज भगत सिंह स्कूल, लालबाग मैदान के पास में नगर निगम जगदलपुर के द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। आज के समाधान शिविर में कुल 6 वार्ड शामिल किए गए हैं। जिनमें वीर सावरकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड, सिविल लाइन वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, चंद्रशेखर आजाद वार्ड शामिल हैं। 6 वार्डो से कुल 452 आवेदन प्रस्तुत हुए हैं जिसमें से 451 प्रकरण का निराकरण किया जा चुका है। एक प्रकरण लंबित है जिसका निराकरण शीघ्र कर लिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर संजय पाण्डे, एमआईसी सदस्यगण, पार्षदगण व वार्डवासी मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हमने किया कामःचौधरी

■ जगरगुंडा में ग्रामीणों की माँग पर सिंचाई सुविधा के लिए जलाशय और मिनी स्टेडियम की घोषणा



**सुकमा, 19 मई।** वित्तमंत्री ओपी चौधरी अपने एकदिवसीय प्रवास में जगरगुंडा पहुंचे थे। बैंक के उद्घाटन के पश्चात वे जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे। शिविर में उन्होंने ग्रामीणों से मुलाक़ात कर उनका हाल चाल पूछा। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने वित्तमंत्री चौधरी को शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों की जानकारी देते हुए निराकरण की स्थिति से अवगत कराया।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार आने से हम तेंदूपत्ता 5500 रुपये में ख़रीद रहे हैं। पीएम आवास में 1 लाख 20 हज़ार रुपये की राशि ग्रामीणों को घर बनाने के लिए दी जा रही है। आज से करीब 12-13 साल पहले जब मैं संयुक्त रूप से दंतेवाड़ा जिले का कलेक्टर था तब सुकमा भी दंतेवाड़ा जिले में आता था तब बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए मैंने एजुकेशन सिटी, छू लो आसमा, उड़ते परिंदे, लाइवलीहुड कॉलेज की शुरुवात की थी। आज इसके बहुत ही अच्छे और सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इसके माध्यम से हमने बच्चों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने की शुरुवात की। एक समय था जब हम सड़क मार्ग से पालनार तक ही आ सकते थे। उसके बाद हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से आज हम बिना रुके सीधे जगरगुंडा तक पहुँच रहे हैं। मेरा यह सपना था की मैं जगरगुंडा सड़क मार्ग से जाऊँ। आज मेरा सपना साकार हुआ। आज से 25 साल पहले यहाँ के ग्रामीण बैंक को नक्सलियों ने लूट लिया था। वर्तमान में हमारी सरकार के बन जाने से पुनः जनता की सुविधा के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक की स्थापना की गई है। अब आपके सारे बैंकिंग कार्य अब जगरगुंडा में ही होंगे। यहाँ पर जलाशय की माँग आई है जिसे हम बजट में शामिल करेंगे और उसमे 2 करोड़ की राशि का प्रावधान करेंगे। इसके साथ ही यहाँ पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण भी किया जाएगा। यहाँ एक मिडिल स्कूल निर्माण की माँग प्राप्त हुई है जिसका कार्य भी किया जाएगा। समूचे राज्य के विकास के साथ ही इस क्षेत्र के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुगम यातायात योजनांतर्गत यहाँ बस चलाने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना अंतर्गत जहाँ नेटवर्क नहीं है वहाँ नेटवर्क कनेक्शन स्थापित किए जाएँगे। इस क्षेत्र के सभी बच्चे कलेक्टर बनें, एसपी बनें, डॉक्टर बनें, इंजीनियर बनें ऐसी मेरी कामना है। और सभी अच्छे नागरिक बनकर देश के, राज्य के और समाज के विकास में अपना योगदान दें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुदीपिका सोरी, कलेक्टर सुकमा देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, बैंक के रीजनल मैनेजर गौरीशंकर नायक, एएसपी उमेश गुप्ता, एसडीएम सबाब खान, सीईओ जनपद कोंटा नारद कुमार मांझी, जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुड़ामी, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुदीपिका सोरी, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नु, जनपद अध्यक्ष कोंटा कुसुम लता कवासी, जनपद सदस्य श्रीमती जानकी कवासी, विश्वराज सिंह चौहान, नूपुर वैदिक, जनपद सदस्य आरूषि, सुन्नम पेंटा, सरपंच नित्या कोसमा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाज सेवक संघ ने की साड़ी वितरित



**राजनांदगाँव, 19 मई।** समाज सेवक संघ द्वारा पाताल भैरवी मंदिर में जरूरत मंदो को साडियाँ वितरित की गई। समाज सेवी व संघ के संयोजक श्री संजीव सिंघल, शिक्षिका सुशीला सिंघल, संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती यामला साहू एवं डोंगरगाँव की तहसील अध्यक्ष उमा साहू ने पाताल भैरवी मंदिर में सर्वप्रथम काली माँ के दर्शन कर उन्हें साडियाँ समर्पित कीं एवं तत्पश्चात् मंदिर परिसर में निर्धन भिक्षुणिओं को साडियाँ आर्पित कीं । इसी प्रकार उन्होंने वृद्धा आश्रम में भी वहाँ के प्रभारी कमलेश कोसरे को वृद्धजनों को वितरित करने हेतु केले एवं साडियाँ सौंपी गई एवं वृद्धजनों से भेंट कर उनके हाल-चाल पूछे, वे सभी संतुष्ट थे।

# विश्व रक्तचाप दिवस पर देवभोग पुलिस थाना में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**देवभोग, 19 मई।** विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर पुलिस थाना देवभोग में डॉ. अरविंद नाथ तिवारी के नेतृत्व में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में थाना स्टाफके सभी पुलिस कर्मियों का रूटीन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप (बीपी), शुगर, पल्स, और स्श्वह्र2 की जांच शामिल थी।

डॉ. तिवारी, जो भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय बूथ अध्यक्ष और जन सेवक भी हैं, ने पुलिस कर्मियों को गर्मियों में लू से बचने के उपाय, शरीर में सोडियम की कमी को रोकने के टिप्स, शुगर नियंत्रण, और हृदय रोगों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

शिविर में पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। थाना प्रभारी ने इस नेक पहल के लिए डॉ. तिवारी और उनकी टीम को धन्यवाद दिया।

ज्ञात हो कि डॉ. अरविंद नाथ तिवारी द्वारा समय-समय पर देवभोग अंचल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और गंभीर रोगों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाता है। यह प्रयास सामुदायिक स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## एक नजर

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**बीजापुर, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 (रविवार) को आयोजित किया गया था। प्राक्चयन का मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर अपलोड किया गया है। वहीं दावा/आपत्ति आवेदक अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति के पक्ष में दस्तावेजों (प्रमाण) सहित जमा करना होगा। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जाएगा। प्राप्त दावा-आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा-आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

### महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाला कोचिया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 15 मई को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सिरसाही में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?7000 कीमत मूल्य का 35 लीटर हांथ भट्टी महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### 32 पाव देसी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार, बाइक जब्त

**बलौदाबाजार, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 15.05.2025 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम मगरचबा रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?3200 कीमत मूल्य का 32 पाव देसी मसाला शराब एवं एक मोटरसाइकिल ष्टत्र04 च्रस् 9419 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पीएम जनमनः बिरहोर जनजाति के उत्थान के लिए उठाए गए कदमों से बदल रही तस्वीर

# बिरहोर जनजाति के 73 परिवारों के पीएम आवास पूर्ण, लोगों में हर्ष

- 327 परिवारों को स्वच्छ पेय जल एवं निस्तारी के लिए की गई जल प्रदाय की व्यवस्था
- सड़कों के निर्माण से बिरहोर परिवारों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की राह हुई आसान
- ग्राम रुवाफुल एवं कुमीचुआं में 60-60 लाख रुपये की लागत से बहुउदेशीय केन्द्रों का होगा निर्माण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 19 मई।** प्रदेश के निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन में परिवर्तन एवं बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ जनमन कार्यक्रम के तहत रायगढ़ जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में बिरहोर जनजाति के समग्र विकास हेतु रणनीति बनाई गई। जिसके तहत बिरहोर जनजाति के विकास के लिए कई कदम उठाए गए है। भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा इसकी नियमित तौर पर समीक्षा की जा रही है एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की पूरी टीम बिरहोर परिवारों तक विकास की नई रौशनी लाने के लिए प्रतिबद्ध हो कर कार्य कर रही है। रायगढ़ जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के रुप में बिरहोर जनजाति चार विकास खण्ड़ों के 25 ग्रामों में निवासरत् है। बिरहोर के कुल परिवार संख्या 327 एवं जनसंख्या 1151 है। जिसका प्रधान मंत्री जनजाति न्याय अभियान के तहत् उनके समग्र विकास हेतु रणनीति के तहत् जिले में प्रारंभ किया गया अभियान 15 नवम्बर 2023 से अब तक विभिन्न विकास विभागों के समन्वयन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में 11 सेक्टर में गैप एनालिसिस कर कार्य योजना तैयार कर कार्य प्रारंभ किये गये। फ्लस्वरुप वर्तमान समय में बिरहोर जनजाति हेतु स्वीकृत 158 आवास में से 73 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

**सड़कों का निर्माण और जल प्रदाय की हुई व्यवस्था :** पहुँच विहिन 13 बिरहोर बस्ती के सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसके तहत् 5 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इन सड़कों के निर्माण से बिरहोर परिवार तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की राह आसान हो गई है। 327 परिवारों को स्वच्छ पेय जल एवं निस्तारी के लिए जल प्रदाय की व्यवस्था पूर्ण कर लिया गया है।

#### शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विद्युत के क्षेत्र में प्रगति

जिन 3 बिरहोर बस्ती में ऑगनबाड़ी स्वीकृत नही था उसकी स्वीकृति दी जा चुकी है जो कुपोषण से मुक्ति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। ग्राम रुवाफुल एवं कुमीचुऑ में 60-60 लाख रुपये की लागत से बहुउदेशीय केन्द्रों का निर्माण किया जायेगा। जहॉ एक छत के नीचे ही ऑगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र एवं बिरहोर युवाओं के प्रशिक्षण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र स्थापित होगा। अभियान के पूर्व 55 बिरहोर परिवारों के घरों में विद्युत की व्यवस्था नही थी इन 55 परिवारों में 28 परिवार के घर ग्रीड़ द्वारा तथा 27 परिवारों के घर सोलर के द्वारा रौशन किया गया है। जो उनके जीवन में बच्चों तथा परिवार के विकास हेतु मील का पत्थर साबित होगा।

#### विभिन्न योजनाओं के तहत किया गया लाभान्वित

इस दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्र में एक मोबाईल टावर की स्थापना किया गया है 15 नवम्बर 2023 को गैप एनालिसिस के तहत् अब तक बिरहोर परिवार के 684 आधार कार्ड, 430 जनधन बैंक खाता, 538 आयुषमान कार्ड, 752 जाति प्रमाण पत्र, 30 राशन कार्ड, 162 किसान सम्मान निधि, 128 किसान क्रेडिट कार्ड, 12 पी.एम. मातृत्व वंदन योजना के तहत् लाभान्वित किया गया है। साथ ही 327 परिवारों का सिकल सेल की जॉच की गई है।

**धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़ेंगे जिले के 316 गांवः** धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत् जिले के 07 विकास खण्ड़ों में 316 ऐसे ग्राम जिनकी जनसंख्या 500 से अधिक तथा अनुसूचित जनजाति आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है का चयन किया गया है जिसमें समग्र विकास की योजना तैयार कर ग्रामों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा।

# जिले को ड्रॉपआउटमुक्त करने बच्चों की खोज में जुटा प्रशासन

### 586 गांव में डोर टू डोर सर्वे करने तैनात सर्वे दल, स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के तहत 20 मई तक होगा डोर टू डोर सर्वे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 19 मई।** आगामी शिक्षा सत्र में जिले को ड्रॉप आउट मुक्त करने जिला प्रशासन बीजापुर ने स्कूल वेंडे वर्राट पण्डुम अभियान प्रारंभ किया है। अभियान के तहत जिले के हर गांव हर घर तक सर्वे दल के माध्यम से बच्चों की पहचान की जाएगी और ठोस कार्य योजना बनाकर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के लगभग 600 गांव में सर्वे के लिए दल गठन कर उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सर्वे दल में शिक्षक, शिक्षादूत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह सदस्य मिलाकर तकरीबन 2200 लोग शामिल है जिन्हें सभी ब्लाकों में प्रशिक्षण देकर सर्वे के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। दिनांक 8 मई से सभी गांव में 600 सर्वे दल द्वारा घर घर संपर्क अभियान शुरू कर दिया गया जहां वे निर्धारित प्रपत्र में परिवार की पूरी जानकारी भर रहे हैं।

प्रपत्र में जो बच्चे शाला त्यागी और अप्रवेशी है उनके कारणों को सूक्ष्मता से अंकित किया जा रहा है। 20 मई तक सर्वे पूर्ण करने की समय सीमा रखी गई है। इस अवधि में सभी दल अपने निर्धारित ग्राम के प्रत्येक घर का सर्वे कर पंचायत सचिव और संकुल समन्वयकों के माध्यम से सर्वे प्रपत्र एकत्रित कर जांच करेंगे उसके बाद चारों ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय में ऑपरेटर के माध्यम से डाटा एंट्री का कार्य किया जाएगा। डाटा एंट्री के पश्चात सर्वे के परिणाम की समीक्षा होगी और व्यापक रणनीति बनाकर शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को स्कूल फिर से लाने का प्रयास किया जाएगा।

**23 प्रकार से ज्यादा कारण है शिक्षा से दूरी के:** जिले में बच्चों के ड्रॉप आउट होने के अलग अलग कारण सामने आते रहे है। इन कारणों की समीक्षा कर 23 प्रकार के कारणों को प्रपत्र में शामिल किया गया है। घरेलू कार्य, जानवर चराना, शिक्षक से भय, आर्थिक कारण, दिव्यांगता, मजदूरी, अनाथ, पलायन, भाई बहनों की देखभाल, स्कूल की दूरी, बाल विवाह, आदि 23 चिन्हांकित कारणों की पहचान कर शिक्षा से जोड़ने की व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस अभियान में शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास, बीजा दुतीर और शिक्षार्थ ट्रस्ट का सहयोग लिया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### परीक्षा परिणाम में किरंदुल के छात्र छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 19 मई।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा दिनांक 13.05.2025 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 का कक्षा दसवीं तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल किरंदुल, एनएमडीसी परियोजना विद्यालय के कक्षा दसवीं में कु- आरजू परवीन - प्रथम (69.60%), मा. जय हिन्द पटेल- द्वितीय (64.40%) एवं कु. ज्योति मसूरे- तृतीय (61.80%) स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में 03 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 8 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा 5 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में रहे। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा ।

इसी तरह कक्षा 12वीं में कु. देविका भादुरी- प्रथम (87.00%), कु. भूमिका- द्वितीय (81.40%) एवं कु. स्नेहा यादव- तृतीय (77.60%) स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 76.79% रहा जो अच्छा है। कक्षा 12वीं में 24 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 19 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में रहे। विज्ञान संकाय में कु. देविका भादुरी- प्रथम (87.00%), कु. गौतमी नाग- द्वितीय (72.00%) एवं मा. शुभम घोष- तृतीय (71.00%), इसी तरह वाणिज्य संकाय में कु. स्नेहा यादव- प्रथम (77.60%), मा. साहिल गेडाम- द्वितीय (72.20%) एवं कु. रोशनी खुरा- तृतीय (69.00%) क्रमशः कला संकाय में कु. भूमिका- प्रथम (81.40%), मा. रुपेश हालदार- द्वितीय (73.00%) एवं कु. रागिनी साह- तृतीय (70.80%) स्थान पर रहे।

सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं और बधाईयां। प्राचार्य श्री सुनील कुमार दुबे ने बताया कि अगले वर्ष हम इससे बहुत अच्छा परिणाम लाने का प्रयास करेंगे।

### पीएम सम्मान निधि : जिले में 134269 किसानों को 31.38 करोड़ का हस्तान्तरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले से सर्वाधिक किसानों क़ो लाभ मिल रहा है। योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या में बलौदाबाजार -भाटापारा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है।19 वीं किश्त में जिले के 1, 34, 269 किसानों क़ो 31.38 करोड़ रुपये से अधिक राशि क़ा हस्तान्तरण उनके बैंक खातों में किया गया।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत भूमिधारक़ पात्र कृषक परिवारों क़ो आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है। पात्र कृषको क़ो वर्ष में 6000 हजार रुपये की राशि 2-2 हजार रुपये के तीन किश्तों में प्रदान की जाती है।

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में योजना का व्यापक रूप से प्रचार- प्रसार ग्राम पंचायत स्तरीय पीएम किसान सैचुरेशन कैम्पेन एवं सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों के माध्यम से जिले के विकासखंड कार्यालय एवं मैदानी अधिकारियों के द्वारा किसानों के बीच उनके आधार सिडेड बैंक में धनराशि जारी होने तथा योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति एवं शेष पात्र किसानों का नवीन पंजीयन, ई - केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सिडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है।बैंक में डीबीटी सक्रिय नहीं होने की स्थिति में हितग्राही स्वयं बैंक शाखा में सम्पर्क कर डीबीटी सक्रिय कराने या पोस्ट ऑफिस में डीबीटी के साथ नवीन खाता खुलवाने की जानकारी भी दी जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने सीएचसी लवन का किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी एवं आईपीडी सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हेतु सीएमएचओ क़ो प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु डीजी सेट एवं महिला एवं पुरुष वार्ड में एसी लगाने के भी निर्देश दिये।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण क़क्ष, महिला वार्ड पुरुष वार्ड एवं प्रसूति क़क्ष में भर्ती मरीजों से मिलकर उनकी हाल -चाल जाना। उन्होंने मरीजों से भोजन व अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के सबंध में पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में मौजूद चिकत्साकों व स्टॉफ से सेवा भाव व पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर व कक्षों में साफ सफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन वर्तमान में 30 बेड के साथ संचालित है। यहां ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 80 की संख्या में पंजीयन होता है। इस दौरान जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े एवं प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

### जिले के 10 स्कूलों में किया जाएगा साइंस शो, समर कैम्प के तहत किया गया आयोजन

# नटवर स्कूल में बच्चों ने प्लानिटोरिम के साइंस शो में की अंतरिक्ष की सैर

- सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव पहुंचे नटवर स्कूल, कहां बच्चों में अतिरिक्त प्रतिभा के विकास के लिए बेहतर तरीके से संचालित करें समर कैंप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 19 मई।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के सभी पीएमश्री विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बच्चों में अतिरिक्त कौशल का विकास किया जा सके।

इसी कड़ी में आज नटवर स्कूल रायगढ़ में समर कैंप की अंतर्गत प्लानिटोरिम में साइंस शो में बच्चों को अंतरिक्ष की जानकारी दी गई साथ में सलाद सज्जा प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, बच्चों के द्वारा वेस्ट मटेरियल से सामग्री निर्माण की प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही बच्चों को प्लानिटोरिम डोम के माध्यम से अंतरिक्ष के बारे में अवगत कराया गया। इसमें नटवर स्कूल के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इस डोम के माध्यम से अंतरिक्ष के बारे में जानकारी प्राप्त की।

आज के कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने निरीक्षण करते हुए बेहतर तरीके से समर कैंप को संचालित करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों में अतिरिक्त प्रतिभा का विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.व्ही.राव, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, नटवर स्कूल प्राचार्य रूबी वर्गीस के साथ-साथ नटवर स्कूल के सभी स्टाफमौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि समर कैम्प का आयोजन में रायगढ़ जिले के सभी पीएमश्री स्कूल हायर सेकेंडरी और प्राथमिक शालाओ में राज्य से प्राप्त निर्देश अनुसार दिनांक 18 मई से 27 मई 2025 तक 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प कराये जाने के निर्देश जिले से प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्तर के अलग-अलग विधाओं के कार्यक्रम तिथिवार निर्धारित कर तिथिवार सम्पन्न कराने को कहा गया है। रायगढ़ जिले के सभी सात पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूलों के साथ साथ तीन सेजेस स्कूलों में कुल 10 स्कूलों में समर कैंप के आयोजन के साथ-साथ प्लानिटोरिम डोम के माध्यम से 360 डिग्री साइंस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें बच्चों को अंतरिक्ष से रूबरू होने और जानने का मौका मिल रहा है।

# चार पुलिस अधिकारी-कर्मचारी चुने गए कॉप ऑफ द मंथ,हुआ सम्मान

- उप निरीक्षक किशुन कुंभकार, सउनि जगदीश सोनवानी, सउनि जीवनलाल वर्मा एवं आरक्षक गौरीशंकर कश्यप को चुना गया कॉप ऑफ द मंथ
- पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में उत्कृष्ट कार्य, अपराध विवेचना एवं अपराधियों की धरपकड़ में प्रशंसनीय एवं अपना विशेष योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु COP OF MONTH योजना प्रारंभ किया गया है। उक्त के तारतम्य में माह मई-2025 में 04 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को COP OF MONTH के रूप में चुना गया है। मई-2025 में उपनिरीक्षक किशुन कुंभकार, सउनि जगदीश सोनवानी, सउनि जीवनलाल वर्मा एवं आरक्षक क्र. 593 गौरी शंकर कश्यप को COP OF MONTH चुना गया है। आज दिनांक 18.05.2025 को पुलिस कम्यूनिटी हाल पुलिस लाइन बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा इन चारों पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।




COP OF MONTH के रूप में चुने गए अधिकारी/कर्मचारियों की जानकारी

» उप निरीक्षक किशुन कुमार- थाना भाटापारा ग्रामीण में पदस्थापना के दौरान अपराध क्र. 129/2024 धारा 341, 506, (2), 507, 376(2), (द) भादवि एवं पास्को एक्ट के प्रकरण में उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही किए जाने के फ्लस्वरूप COP OF MONTH के रूप में चुना गया है।

» सहायक उप निरीक्षक जगदीश सोनवानी चौकी प्रभारी गिरौदपुरी- थाना राजादेवरी में पदस्थापना के दौरान अपराध क्र. 5.2025 धारा 34(2) में उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही से न्यायालय द्वारा आरोपी को दंडित किए जाने के फ्लस्वरुप COP OF MONTH के रूप में चुना गया है।

» सहायक उप निरीक्षक जीवन लाल वर्मा- थाना लवन में पदस्थापना के दौरान अपराध क्र. 261/2024 धारा 20(b)(ii)(B) एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में उत्कृष्ट जांच एवं विवेचना कार्यवाही के करने के फ्लस्वरूप COP OF MONTH चुना गया है।

» आरक्षक 593 गौरीशंकर कश्यप साइबर सेल बलौदाबाजार- अंतर्राष्ट्रीय सट्टा गिरोह के सदस्यों की पताशाजी कर, उनकी गिरफ्तारी में उत्कृष्ट भूमिका प्रदर्शित करने के फ्लस्वरूप COP OF MONTH के रूप में सम्मानित किया गया

## समाचार संक्षेप

### लक्ष्मी को नारायण की सेवा में लगाना चाहिए : श्रीनिधि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 19 मई।** नगर में चल रहे श्रीमद भागवत का छठवा दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ।शष्ठ दिवस की कथा में बताते हुए कथा व्यास श्रीनिधि जी ने कहा की हमारे पास जो लक्ष्मी है उसका वरण नारायण की सेवा में करना चाहिए। यज्ञ नारायण तथा भगवत कथा, दरिद्र नारायण भी हो सकते हैं। हम यदि अपनी लक्ष्मी का वरण नारायण के साथ करते हैं तो यह लक्ष्मी हमें आशीर्वाद देने वाली और हमारा उत्कर्ष और उन्नति करने वाली होती है। और यदि हम इस लक्ष्मी को कृष्णा रूपी या दरिद्र नारायण की सेवा में नहीं लगते तो फिर नारायण इस लक्ष्मी का हरण कर लेते हैं अर्थात यह लक्ष्मी नष्ट हो जाती है। इसलिए हमें लक्ष्मी का या तो पुत्र बनकर इनका उचित संवर्धन करना चाहिए या पिता बनकर इस लक्ष्मी का दान नारायण के चरणों में कर देना चाहिए।

तिवारी परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आज छठवा दिवस संपन्न हुआ। यह कथा श्री मंदिर में आयोजित हो रही है तिवारी परिवार के सुमित तिवारी ने बताया कि इस ज्ञान यज्ञ के आयोजन में महिला रामायण मंडली भजन समूह का विशेष सहयोग है।और समस्त नगर वासी इस कथा में सम्मिलित होकर अपना जीवन धन्य कर रहे हैं।

## एक नजर

### वेतन मिलने के आश्वासन पर कर्मी काम पर लौटे

**भाटापारा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 14 मई को छ.स्टे.पा. डि. कंपनी लिमिटेड भाटापारा संभाग के अंतर्गत आउटसोर्सिस ठेकेदार मनविश्राम साहू रायपुर के द्वारा भाटापारा, भाटापारा, निपनिया, सुहेला, हथबंद वितरण केन्द्र के ठेका कर्मचारियों को वेतन नही मिलने के कारण काम बंद हड़ताल का ज्ञापन कार्यपालन यंत्री भाटापारा को सौपा गया था, तथा 15 को काम बंद हड़ताल कर दिया था। उक्त कर्मचारियो को कार्यपालन यंत्री व्ही. के. राठिया, सहायक यंत्री वासुदेव साहू एवं एस. आर. पटेल के द्वारा 5 दिवस के अंतर्गत वेतन उपलब्ध कराने की आश्वासन मिलने पर 18 मई शाम को सभी कर्मचारी अपने अपने कार्य पर लौट गये है। सभी कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराने पर सभी मिडिया प्रमुख का आभार व्यक्त किया है।

### अवैध रेत परिवहन कर रहे 7 ट्रैक्टर व ट्राली जब्त



**सिमगा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 18 मई को अनुविभागिया अधिकारी सिमगा के आदेश पे राजस्वा विभाग, पुलिस विभाग और माइनिंग विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही तहसील सिमगा के ग्राम चक्रवय मे अवैध रेत परिवहन कर रहे 7 ट्रक्टर एबं ट्राली जब्त कर दामाखेड़ा चौकी मे सुपुर्द किया गया जिसमे कलाराम निषाद, राकेश उगरे, कलेश्वर यादव, भुलान निषाद वगैरा के वहां जब्त किये गए है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ चलाया गया अभियान

**सिमगा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 16 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 16 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती हैं कि आप सभी यातायात के नियमो का पालन करें।

### निधन

#### राजेश चतुर्वेदी



**सिमगा, 19 मई।** नगर के पुरोहित राजेश चतुर्वेदी पिता स्वर्गी प्रेमनारायण चतुर्वेदी का का बीती रात रायपुर रोड सिमगा में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। ये दुर्गा चतुर्वेदी के भाई थे। 19 मई को सिमगा के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया किया गया।

पुलिस टीम को चोरी की 03 सिलसिलेवार घटनाओं का पर्दाफाश करने में मिली सफलता

# गिधौरी पुलिस ने चोरी के आरोप में 4 लोगों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों ने ग्राम हसुवा एवं घटमडवा में चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम
- चोरी में शामिल सभी आरोपी शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा के हैं निवासी
- आरोपियों ने रात के अंधेरे में, घर के अंदर घुसकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम की चोरी की थी
- आरोपियों से 8450 कीमत मूल्य का सोने का लॉकेट एवं 45 हजार नगदी बरामद, चोरी की घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिलें भी जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** गिधौरी पुलिस ने क्षेत्र में हुए चोरी के तीन सिलसिलेवार घटना का पर्दाफाश किया है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राधेश्याम साहू निवासी ग्राम हसुवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 24 अप्रैल की रात्रि में अज्ञात आरोपियों द्वारा चोरी करने के नियत से उसके घर अंदर घुसकर, कमरा अंदर पेटी में रखे सोने चांदी के आभूषण तथा 3200 नगदी रकम को चोरी कर ले गए हैं। की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 91/2025 धारा 331(4), 305(A), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार प्रार्थी केसर साहू निवासी ग्राम हसुवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 24 अप्रैल के रात्रि में अज्ञात आरोपियों द्वारा उसके घर अंदर घुसकर, कमरे में रखे सोने चांदी के जेवर तथा 61, 000 नगदी रूपये को चोरी कर ले गए है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 92/2025 धारा 331(4), 305(A), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

तीसरा घटना में प्रार्थी संतोष वर्मा निवासी ग्राम घटमडवा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 10 मई की 7 से 12 मई की रात 1 बजे के दरमियान अज्ञात आरोपियों द्वारा घर अंदर घुसकर, कमरे के अलमारी में रखे हुए सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रकम 15000 को चोरी कर ले गए है। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में अपराध क्र. 111/2025 धारा 331(4), 305(A), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना गिधौरी क्षेत्र अंतर्गत घटित चोरी की सिलसिलेवार घटनाओं का पर्दाफाश करने एवं चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ हेतु पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा थाना प्रभारी गिधौरी को निर्देशित किया गया। उक्त निर्देषों के परिपालन में थाना गिधौरी पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त तीनों प्रकरणों में घटनास्थल एवं आसपास इलाकों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साथ ही सड़क मार्ग एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का भी सूक्ष्म अवलोकन किया गया। इसके साथ ही मुखबिरों के माध्यम से भी अज्ञात आरोपियों का लगातार पताशाजी किया जा रहा था।

कि इसी बीच पुलिस टीम द्वारा शिवरीनारायण निवासी 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा थाना गिधौरी क्षेत्र अंतर्गत घटित तीनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। आरोपियों से 8450 कीमत मूल्य का सोने का लॉकेट एवं नगदी रकम 45, 000 तथा घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। सभी चारों आरोपियों को 18 मई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आरोपियों के नाम

1 राहुल यादव उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा
2 दीपक यादव उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा
3 भागवत यादव उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा
4 लक्ष्मी प्रसाद साहू उम्र 19 वर्ष निवासी शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा वर्तमान निवासी ग्राम हसुवा थाना गिधौरी

### उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को चोरी गई ट्रैक्टर की राशि देने दिया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** ट्रेक्टर के चोरी हो जाने पर बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को बीमा राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कंपनी को बीमा राशि 590401रुपये देने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक राजनारायण प्रजापति ने नगद राशि भुगतान कर एक ट्रेक्टर क्रय किया था। ट्रेक्टर को रात्रि में अपने घर के सामने खड़ी कर सोने चला गया। अगले दिन 1 अप्रैल 2014 को ट्रेक्टर को उस स्थान पर नहीं मिली तो पुलिस थाना रिपोर्ट लिखाने गया लेकिन डीलर के द्वारा केवल डिलीवरी चालान दिया गया था इसलिए दास्तावेज के आभाव में उस दिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई बल्कि 9 अप्रैल 2024 को दर्ज हुई। राजनारायण ने बीमा कम्पनी इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर के समक्ष दावा पेश करने पर बीमा कंपनी का सर्वेयर आवेदक के घर आकर सारी औपचारिकताएं पुरी कर ट्रेक्टर की दोनों चाबी साथ ले गया। चोरी हुई ट्रेक्टर का बीमा दावा निरस्ति पत्र आवेदक को 25 अप्रैल 2014 को मिला जिसमें लिखा था कि विलम्ब से सूचना दी गई इस कारण दावा निरस्त किया गया।परिवादी राजनारायण प्रजापति के द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्यों ने उभय पक्ष की सुनवाई पश्चात् इस मामाले में इफ्को टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए उपभोक्ता को चोरी किये गए ट्रेक्टर का बीमित मूल्य 590401रुपये, मानसिक क्षति 10000 रुपये एवं वाद व्यय के रूप में 5000 का भुगतान परिवादी को 45 दिनों के भीतर करने का निर्णय सुनाया।

### नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**सिमगा, 19 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिका सिमगा मे तिरंगा यात्रा निकाला गया यात्रा नगर पालिका से निकल गया। आज शाम 4:30 पर नगर पालिका सिमगा से भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा में नगर के सभी लोग शामिल हुए। यात्रा नगर पालिका से होते हुए नगर के सभी जगह पर भ्रमण कर मिशन सिंदूर के सफ्लता अभियान पर सेना के शौर्य गाथा को लिखने के लिए नगर पालिका सिमगा अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी धीरज जैन अविनाश दास अभिजीत अवस्थी सचिन जैन पारस पाटकर करण भाटिया भारतीय पुरुव सैनिक निलेश तंबोली नगर के कर्मचारी भी सम्मिलित हुए तिरंगा यात्रा को सफ्ल बनाने के लिए विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगर के जनप्रतिनिधि ऑन गणमान्य नागरिकों मीडिया के बांधों का नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया मैं कृतज्ञता व्यक्त की।




# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 19 मई।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक थीम पर शासन के आदेशानुसार पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता के उपलक्ष्य में नगर पंचायत छुरा में शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा नगर पंचायत से शुरू हुई। सभी ने हाथ में लिया तिरंगा तिरंगा यात्रा देशभक्ति नारों के साथ आगे बढ़ी। यात्रा का समापन स्वर्ण जयंती चौक, सदर रोड, बजरंग चौक, बस स्टेंड होते हुए नगर पंचायत पर हुआ। यहां सभी जनप्रतिनिधि एवं उपस्थित जनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सैकड़ों नगर वासी, समाजसेवी गण शामिल हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का परिचय दिया। यह यात्राएं ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता का जश्न मना रही हैं। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने बड़ी संख्या में पाकिस्तानी आतंकियों को समाप्त किया था। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, व नगर पंचायत उपाध्यक्ष शमीम खान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम, सभापति चित्रेखा ध्रुव, भोलेशंकर जायसवाल, रजनी लहरे, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव, पार्षद हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, देवीसिंह नेताम, मोहम्मद यामीन, पंचराम टंडन, दीप्ति यादव, सलीम मेमन, पूर्व पार्षद रामलाल कुलदीप, मीना चंद्राकर, दुलम बाई, तुलसी राम साहू, वरिष्ठ नागरिक राजू यादव, चम्पेश्वर गिरी गोस्वामी, निखिल साहू, चंद्रहास सोनी, सुनीता चंद्राकर, समारु साहू, विनय गुप्ता, उद्घोषक समाजसेवी शीतल ध्रुव, शिक्षक हीरालाल साहू, गरिमा यादव, रामाधार यादव, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, स्वच्छता दीदियां एवं नगर के नागरिक गण उपस्थित थे।

### ई-साक्ष्य व आईओ-मितान मोबाइल एप प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन



- 5 विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया ई-साक्ष्य एवं IO-मितान प्रशिक्षण कार्यशाला
- प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थाना/चौकी में पदस्थ 150 विवेचकों को दिया गया प्रशिक्षण
- पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने समापन कार्यक्रम में कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ लेकर बेहतर कार्य करने हेतु किया प्रोत्साहित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में निहित प्रावधान, अंतर्गत अपराधिक प्रकरणों की विवेचना के दौरान साक्ष्य संग्रहण हेतु ई-साक्ष्य मोबाइल ऐप एवं घटनास्थल निरीक्षण कर उसका फोटोग्राफ/विडिओ अपलोड आदि हेतु IO-मितान मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। इस मोबाइल ऐप की सहायता से विभिन्न साक्ष्यों का किसी प्रकरण में संग्रहण करने एवं संपूर्ण घटनास्थल का निरीक्षण कर इसकी विस्तृत जानकारी अपलोड करने का कार्य किया जाता है। ई-साक्ष्य एवं IO- मितान मोबाइल ऐप की समुचित जानकारी एवं इसकी कार्यप्रणाली को भली-भांति समझने के लिए पुलिस मुख्यालय छ.ग.रायपुर के निर्देशानुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न 05 चरणों में ई-साक्ष्य एवं IO-मितान मोबाइल ऐप कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिले के अलग-अलग अनुविभागों में पदस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को ई-साक्ष्य एवं IO-मितान के संबंध में प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक विनोद सिंह एवं प्रतिदिन अलग-अलग प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न थाना/चौकी से कुल 150 की संख्या में विवेचकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आज दिनांक 18.05.2025 को पुलिस कम्युनिटी हाल बलौदाबाजार में उक्त प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को ई-साक्ष्य एवं IO-मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम में मिले निर्देशों एवं ज्ञान का अधिक से अधिक लाभ लेकर बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने सुशासन तिहार, समर कैम्प का आयोजन शुरू

# जिला प्रशासन की पहल से युवाओं को मिल रही जीवन कौशल की ट्रेनिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 19 मई।** सुशासन तिहार में लोगों की समस्याओं का समाधान व मांगो की पूर्ति होने के साथ ही स्कूली बच्चों को निःशुल्क मार्शल आर्ट्स, योगा, साइबर क्राइम एवं कैरियर काउंसिलिंग की जानकारी देने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के 6 ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। 10 दिवसीय सुशासन तिहार समर कैम्प के प्रत्येक स्थल में कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक के लगभग 100 छात्र छात्राओं को प्रातः काल में 2-2 घण्टे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह समर कैम्प 16 मई से 31 मई 2025 तक चलेगा।

जिले के 6 चयनित ग्राम पंचायतों विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया एवं सिंगारपुर, सिमगा के ग्राम पंचायत नवापारा, बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी, पलारी के ग्राम पंचायत सकरी प एवं कसडोल के ग्राम पंचायत बल्दाकछार में 10 दिवसीय ग्रामीण समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।शिविर में स्व-रक्षा, फिटनेस, जुम्बा, योग एवं ध्यान, करियर काउंसलिंग, साइबर सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता जैसे विषयों पर विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर में स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह शिविर ग्रामीण युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, जीवन कौशल और डिजिटल एवं कानूनी साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है। यह समर कैंप गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों के लिए एक सुरक्षित, रचनात्मक एवं प्रेरणादायक मंच के रूप में कार्य कर रहा है। शिविर में स्पोर्ट्स, फ़िजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीज़र स्किल काउंसिल इस मुख्य क्रियान्वयन एजेंसी है जो काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट के सहयोग से इसे संचालित कर रही है। सीईओ एवं सलाहकार डॉ. मयूर गुप्ता, तहसीन जाहिद के नेतृत्व में शिविर का संचालन किया जा रहा है। साथ ही शगनदीप ओबेरॉय और सुश्री सुप्रिया कुकरती की सक्रिय भूमिका भी रही है।



# यातायात व्यवस्था में सुधार और नशा के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

■ आईजी अमरेश मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक



**रायपुर, 19 मई।** पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने रविवार को सिविल लाइंस स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर जिले के पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में रायपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी और सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में आईजी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित 'सुशासन तिहार' की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को नवीन आपराधिक कानूनों के पालन, यातायात व्यवस्था के सुधार और जनउन्मुखी कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एक वर्ष से अधिक समय से लंबित पुराने अपराधों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करते हुए, जल्द से जल्द प्रकरणों का चालान प्रस्तुत कर उन्हें शून्य (जीरो) करने को कहा गया। नवीन आपराधिक कानूनों के तहत विवेचना कर प्रभावी कार्रवाई किए जाने के लिए चालान को 60-90 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के प्रावधान को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। सभी ग्राम पंचायतों और ग्रामों में ग्रामीणों से समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 'पुलिस मित्र' बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए। आईजी रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा ने आगामी दिनों में रायपुर शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए जल्द ही नए उपाय अपनाने की जानकारी दी। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों, अवैध पार्किंग करने वालों, बिना हेलमेट वाहन चालकों एवं अवैध पार्किंग के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मालवाहक वाहनों की लगातार बैठकें आयोजित करने तथा जिन थाना क्षेत्रों में अब तक बैठक नहीं हुई है, वहां जल्द से जल्द बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं तस्करी तथा नशे के पदार्थों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और किसी भी सूरत में किसी प्रकार का नशे का सामान न बिके, इसके लिए नारकोटिक एक्ट एवं आबकारी एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# 7000 से अधिक स्कूलों को मिलेंगे अतिरिक्त शिक्षक



**रायपुर, 19 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की स्कूली शिक्षा को और मजबूत व संतुलित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है, जिसका उद्देश्य राज्य में शिक्षक संसाधनों का समान और प्रभावी वितरण सुनिश्चित करना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को पाने में मदद करेगी। राज्य में वर्तमान में 30,700 प्राथमिक और 13,149 पूर्व माध्यमिक शालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें छात्र-शिक्षक अनुपात क्रमशः 21.84 और 26.2 है, जो राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। बावजूद इसके कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है। 212 प्राथमिक शालाएं पूरी तरह से शिक्षक विहीन हैं, वहीं 6,872 एकल शिक्षक स्कूलों में सिर्फ एक ही शिक्षक कार्यरत है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर 48 शालाएं शिक्षक विहीन और 255 एकल शिक्षक वाली हैं।

शिक्षकों की कुल संख्या पर्याप्त है, लेकिन उनके वितरण में असमानता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। प्राथमिक शालाओं में 77,845 सहायक शिक्षक और पूर्व माध्यमिक शालाओं में 55,692 शिक्षक कार्यरत हैं, लेकिन कई स्कूलों में जरूरत से अधिक और कई में बिल्कुल भी शिक्षक नहीं हैं। इस असंतुलन को खत्म करने के लिए ही युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। राज्य को प्राथमिक स्तर पर 7,296 अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता है, जबकि अतिशेष शिक्षक केवल 3,608 हैं।

# प्राचार्य पदोन्नति फोरम की शिक्षा सचिव एवं संचालक स्कूल शिक्षा से चर्चा

■ शिक्षकों के सत्रांत 2026 तक पुनर्नियुक्ति आदेश जून से पहले हो

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 19 मई।** छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के प्रतिनिधि मंडल ने 15 मई को मंत्रालय में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी एवं संचालक ,लोक शिक्षण ऋतुराज सिंह रघुवंशी से सौजन्य मुलाकात कर विगत दस वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण कर आदेश जारी करने के लिए फोरम की ओर से प्रदेश के मुख्य मंत्री एवं सचिव तथा संचालक स्कूल शिक्षा के प्रति आभार व्यक्त किया । फोरम ने आगामी शिक्षा शिक्षा सत्र माह ,16 जून 2025 से प्रारंभ होने के पूर्व लेकर ,सत्रांत अप्रैल 2026 तक शिक्षक संवर्ग (सहायक शिक्षक से लेकर प्राचार्यो तक) मिलने वाली पुनर्नियुक्ति /सेवा वृद्धि का शासन आदेश ,शीघ्र जारी करने तथा शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु शासन की युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया का समर्थन करते हुए वर्ष 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्त करण की कार्यवाही पूर्ण करने हेतु पुनर्विचार करने की मांग किया।आगामी 9 जून को उच्च न्यायालय बिलासपुर में प्राचार्य पदोन्नति की होने वाली सुनवाई पर शासन का पक्ष अच्छे से रखने का अनुरोध किया छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंगम से मोर्चा के जिला संयोजक दीपक शर्मा, लिपिक वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रजत शिंदे , रमेश देवांगन,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय नारंग मनोज वाधवानी , अनुदान प्राप्त संघके हेमंत ठाकुर प्रकाश पवार ,पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष वासुदेव भोई ने एक जानकारी देते हुए बताया कि प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल प्राचार्य पदोन्नति फोरम के प्रांतीय प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य मंत्री के सचिव डॉ बसव राजू से मिलकर प्राचार्य पदोन्नति में मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कोकीन के साथ पकड़े गए तीन आरोपी

**रायपुर, 19 मई।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। न्यू राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र के महावीर नगर स्थित रामरामा रेसीडेंसी के पास एक चारपहिया वाहन में तीन आरोपियों को प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7.48 ग्राम कोकीन, 3 नग आईफोन, और एक कार (सेल्टोस, नंबर सीजी/04/एमवी/1022) जब्त की है, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपीः शुभांक पॉल (35), निवासी कटोरा तालाब, थाना सिविल लाइन, रायपुर, सागर पीटर (33), निवासी श्याम नगर क्रिश्चन कॉलोनी, थाना तेलीबांधा, रायपुर, सिद्धार्थ पाण्डेय (34), निवासी शैलेन्द्र नगर, थाना कोतवाली, रायपुर आरोपियों के विरुद्ध थाना न्यू राजेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 96/2025, धारा 21 एवं 22 नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट के प्रभारी निरीक्षक परेश कुमार पाण्डेय व अन्य स्टाफ तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर के निरीक्षक प्रमोद सिंह और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रायपुर पुलिस का यह अभियान शहर में नशे के काले कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता जांच करेगी विशेष समिति

■ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 15 दिन में मांगी जांच रिपोर्ट

**रायपुर, 19 मई।** प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं को दी जा रही सामग्री की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों पर छत्तीसगढ़ शासन ने सख्त रुख अपनाया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने इस संबंध में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जांच के लिए विशेष समिति के गठन का आदेश दिया है। मंत्री ने विभागीय सचिव शम्मी आबिदी को तत्काल जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि बच्चों और महिलाओं के लिए प्रदायित सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के निर्देशों के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा ने रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरित सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति में संयुक्त संचालक (वित्त), महिला एवं बाल विकास संचालनालय (अध्यक्ष), प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी द्वारा नामित प्रतिनिधि (सदस्य), प्राचार्य, जीईसी रायपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि (तकनीकी सदस्य), संबंधित जिला कार्यक्रम अधिकारी (सदस्य), सहायक संचालक, आईसीडीएस (संयोजक), आईआरक्लास सिस्टम एंड सॉल्यूशन प्रालि द्वारा नामित प्रतिनिधि (तकनीकी सदस्य), और एसजीएस इंडिया प्रालि द्वारा नामित प्रतिनिधि (तकनीकी सदस्य) शामिल हैं। समिति को सामग्री की भौतिक स्थिति और गुणवत्ता मानकों की जांच का दायित्व सौंपा गया है।

## राजधानी सहित पूरे प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा

**रायपुर, 19 मई।** पिछले कई दिनों से गरज चमक के साथ हो रही है जिसके कारण दिन की गर्मी और दोपहर बेमौसम वर्षा से लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। मौसम विभाग डॉ. चंद्रा ने चेतावनी दी है कि दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीप और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक दो दिनों में सक्रिय होने की संभावना है।

# पाउच खरीदकर पानी पी रहे कालोनीवासी

■ परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी में पेयजल समस्या, घेराव-धरना

**रायपुर, 19 मई।** परसुलीडीह में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। नहाने-धोने की बात तो दूर पीने के लिए पानी की समस्या बनी हुई है। नलों से पानी नहीं आ रहा है। परसुलीडीह हाउसिंग बोर्ड कालोनी के निवासी पानी पाउच से ही काम चला रहे हैं। इस भीषण गर्मी में नहाने की बात तो दूर मुंह धोने व ब्रश करने लायक भी पानी नहीं मिल रहा है। कूलर सूखे पड़े हैं।

कपड़े धुल नहीं पा रहे हैं। कालोनीवासी पानी की गंभीर समस्या से गुजर रहे हैं। यहां के निवासियों ने कुछ दिनों पूर्व नगर निगम के जोन कार्यालय का घेराव किया था। हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों को भी जल संकट की जानकारी दी थी। दोनों दफ्तरों में आश्वासनों के जरिए जल संकट दूर करने का भरोसा दिलाया गया था। किंतु आज तक कालोनी के नलों में पानी की धार नहीं आ पाई है। आक्रोशित लोगों ने आज हाउसिंग बोर्ड दफ्तर का फिर घेराव कर धरना दिया है। दफ्तर से तमाम अधिकारी गायब हो गए थे। लोगों का कहना है कि टैंकर से भी पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। अब जब तक इस समस्या का निराकरण नहीं किया जाता है तब तक वे यहां नहीं उठेंगे। पानी आपूर्ति का हाल जब राजधानी में इतनी खराब है तो दूसरे स्थानों की स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है।

# मोदी करेंगे उरकुरा रेलवे स्टेशन का लोकार्पण

**रायपुर, 19 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 मई को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे. इस अवसर पर देशभर के कई स्टेशनों का लोकार्पण प्रस्तावित है, जिनमें छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर और रायपुर से सटे उरकुरा स्टेशन भी शामिल हैं. हालांकि छत्तीसगढ़ रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है. लेकिन रेल मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित उरकुरा रेलवे स्टेशन की पहले और अब की तस्वीरें साझा की हैं. पोस्ट में बताया गया है कि उरकुरा स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जिसमें नया स्टेशन भवन, विशाल सर्कुलेटिंग एरिया और पोर्च, नया वेटिंग रूम, बड़ी पार्किंग व्यवस्था और आधुनिक शौचालय शामिल हैं. छत्तीसगढ़ में सुशासन तिहार का तीसरा चरण जारी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे. वे सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से समाधान शिविरों का निरीक्षण करेंगे. मुख्यमंत्री किसी भी जिले का निरीक्षण कर सकते हैं और जन चौपाल लगाकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे. पिछले सप्ताह उन्होंने बस्तर और दंतेवाड़ा जिलों का दौरा किया था. कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' का आज जांजगीर-चांपा से आगाज़ होगा.



## एक नजर

### अभाविप की तीन दिनी बैठक 29 मई से



**रायपुर, 19 मई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक 29 मई से 31 मई तक राजधानी रायपुर में रखी गई है, जिसमें सीएम साय और आरएसएस नेता भी शामिल होंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में देशभर में 58 लाख से भी ज्यादा सदस्य है तथा 6000 से भी अधिक स्थानों पर सक्रिय है। इस वर्ष की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक का आयोजन करने का सौभाग्य प्रदेश की राजधानी रायपुर को सोलह वर्ष के लंबे समयांतराल के बाद प्राप्त हुआ है। 24 से 31 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक एवं अन्य सहायक बैठक में देशभर के 650 छात्र-छात्रा, प्राध्यापक सहभागी होंगें। इस आयोजन को सफल रूप से संपन्न कराने में अभाविप रायपुर के कार्यकर्ता उद्यमशील बनकर तैयारियों में लगे हैं।

### थायराइड जागरूकता शिविर 21 से

**रायपुर, 19 मई।** आयुर्वेद पंचकर्म एवं पाईल्स क्लीनिक की ओर से थायराइड जागरूकता शिविर का आयोजन 21 से 25 मई तक किया गया है। शिविर का आयोजन महिमा विहार कालोनी, आरबीआई बैंक के सामने सुंदरनगर महादेवघाट रोड में किया गया है और इसका समय है पांचों दिन सुबह 10 से शाम के 6 बजे तक। निःशुल्क परामर्श हेतु पूर्व पंजीयन आवश्यक है। डॉ. अंकिता राकेश मिश्रा (एमडी आयुर्वेद पीएचडी) ने बताया कि थायराइड का स्थायी इलाज अब आयुर्वेद से संभव है। पर इसके लिए जरूरी है समय रहते उचित सलाह व आयुर्वेद का उपचार। विगत 11 वर्षों के अनुभव के आधार पर उन्होने बताया कि स्वंय के अनुसंधान से बनी आयुर्वेद औषधियां व प्रभावी नस्य पंचकर्म क्रिया के माध्यम से आयुर्वेद द्वारा थायराइड का स्थायी इलाज कर रहे हैं। इसके निदान के लिए 3 से 6 माह तक का समय लग सकता है। जो परेशानियां आती है थायराइड के चलते उसमें प्रमुख है बालों का झड़ना,मोटापा,चिड़चिड़ाहट, हार्मोनल अनियमितता,पीरिएड्स अनियमित,नींद न आना,लगातार मेडिसीन खाने से मुक्ति,शरीर में सूजन या फूला हुआ लगना इत्यादि। यह शिविर ऐसे लोगों के लिए काफी फायदेमंद होगा।

### सुशासन तिहार के पश्चात शुरू होगी प्रशासनिक सर्जरी

**रायपुर, 19 मई।** मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए चलाए जा रहे सुशासन तिहार के समाप्ति के पश्चात प्रशासनिक सर्जरी निचले स्तर पर की जाएगी। मुख्यमंत्री को प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई होगी। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस समय विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए गांव गांव का दौरा कर रहे हैं। इन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की ग्राउंड लेबल की जानकारी ले रहे हैं। इस समय सबसे ज्यादा शिकायतें प्रधानमंत्री आवास को लेकर आ रही है जिसमें अधिकारी द्वारा रिश्वतमांगी जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में सीधी कार्रवाई की जा रही हे। प्रधानमंत्री सड़क योजनाओं तथा मुख्यमंत्री बंधन योजना एवं अन्य कल्याणरी योजनाओं को लेकर समाज कल्याण विभाग एवं महिला बाल विभस एवं विकास की भूमि काफी संदिग्ध रही है। इसलिए मुख्यमंत्री को इस संबंध में अनेक शिकातें मिली हे। मुख्यमंत्री के साथ इस समय इनके समय पी. दयानंद, एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन साथ में जा रहे है। इस समय योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को शक्ति पूरक निर्देश दे रहे हैं। राज्य के अधिसूचित क्षेत्र कहे जाने वाले आदिवासी जिला कवर्धा, जशपुर तथा बस्तर के अनेक जिलों का दौरा करने के बाद तेंदूपत्ता की तोड़ाई में हो रही अमिततओं की जानकारी मिल रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष इस समय पेयजल संकट का ममला सामने आया है। केंद्र परिवर्तित योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री सड़क योजना मनरेगा एवं अंशदायी पेंशन योजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली जा रही है।

### गांधीवादी समाजसेवी द्विवेदी का निधन

**रायपुर, 19 मई।** गांधीवादी समाजसेवी, लेखक, पत्रकार एवं राजनीतिक कार्यकर्ता डॉ मिथिला शरण द्विवेदी का आज सुबह निधन हो गया. वे 90 वर्ष के थे. वे अपने पीछे पत्नी सुशीलादेवी, पुत्र अशोक एवं अरुण, पुत्री अर्चना त्रिपाठी एवं आराधना तिवारी, मनीषा, जमाता रामकृषण त्रिवेदी एंव दुर्गेश तिवारी, अमित शुक्ला, पुत्रवधु शोभा एवं आभा और नाती पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनकी अंत्येष्टि मंगलवार सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में संपन्न होगी. डॉ साहब ने कोयला खदानों से लेकर चंबल की बीहड़ों तक में चिकित्सा सेवाएं दीं. भिलाई भी उनका आगमन एक चिकित्सक के रूप में ही हुआ. गांधीजी एवं आचार्य विनोबा भावे की प्रेरणा से उन्होंने कुष्ठ रोगियों एवं रोग मुक्तों की सेवा के लिए स्वामी विवेकानंद कुष्ठ मुक्त आश्रम की स्थापना की.



## समाचार संक्षेप

### तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम

**रायपुर, 19 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि एजीओ और मंत्रा द्वारा तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकना सराहनीय कदम – अन्य कंपनियों को भी 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत का पालन करना चाहिए। तुर्की ब्रांड्स की बिक्री रोकने का निर्णय अत्यंत सराहनीय और देशहित में लिया गया एक मजबूत कदम है, यह कहना हैं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी का पारवानी ने कहा कि ऐसे समय में जब तुर्की खुलकर पाकिस्तान और भारत विरोधी एजेंडे का समर्थन कर रहा है, तब भारतीय कंपनियों द्वारा उसके आर्थिक हितों को झटका देना देशभक्ति और व्यापारिक विवेक का सटीक उदाहरण है।



### फिट इंडिया कार्यक्रम में कैट की सहभागिता




**रायपुर, 19 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट ने केंद्रीय जीएसटी विभाग के द्वारा आयोजित फिट इंडिया कार्यक्रम में सहभागिता दी! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त ने कहा कि इस साइकिल मैराथन का उद्देश्य नागरिकों को स्वास्थ्य, फिटनेस, जीएसटी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना बढ़ती है, बल्कि सामाजिक एकजुटता भी सुदृढ़ होती है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानन्द जैन ने बताया कि केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) रायपुर द्वारा आज फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से एक भव्य साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया । इस आयोजन का शुभारंभ श्री पराग बोरकर, प्रधान आयुक्त, सीजीएसटी रायपुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। श्री परमानन्द जैन ने साइकिल मैराथन में कैट को आमंत्रित करने के लिए विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि सेंट्रल जीएसटी विभाग द्वारा इस तरह के आयोजन से आम नागरिकों एवं व्यवसायियों में विभाग के प्रति सकारात्मक माहौल बनता है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक श्री एम राजीव ने किया।

### मैथिल ब्राह्मण समाज के विजय झा नए अध्यक्ष



**रायपुर, 19 मई।** मैथिल ब्राह्मण समाज रायपुर के निर्वाचन में अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष के पद पर सीधे मुकाबले में पं विजय कुमार झा ने अपनी प्रतिद्वंद्वी श्रीमती शोभिता पाठक को 195 मतों से पराजित किया। कुल 630 मतदान पड़े थे। जिनमें से 408 विजय कुमार झा को, 213 श्रीमती शोभिता पाठक एवं 9 मतपत्र अयोग्य घोषित किया गया। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर प्रदीप मिश्रा 366 मत, सुप्रभ झा 255 मत, 101मतों से निर्वाचित हुए हैं। सचिव पद पर पुनः पंकज भावेश झा निर्वाचित घोषित किए गए। पंकज को 339 वोट, अजय ठाकुर ने 275मत प्राप्त किया। 64 मतों से विजयी घोषित हुए। निर्वाचन अधिकारी श्री ऋषि कुमार झा अधिवक्ता की टीम ने पूरी तन्मयता के साथ निष्पक्षता से निर्वाचन कार्य को संपन्न कराया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री विजय झा ने तेज गर्मी में वृद्ध बीमार बुजुर्गों द्वारा मतदान करने पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है न किसी की जीत न किसी की हार, यह है मैथिल ब्राह्मण समाज का उपहार। अब सब मिलकर समाज की प्रगति विकास विशेष कर समाज के लिए विवाह योग्य भवन निर्माण में पूरी ताकत लगाकर एकजुटता का परिचय देकर कार्य को संपन्न करेंगे। निर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, रमेंद्र नाथ मिश्र, कवि,लेखक संजीव ठाकुर, श्री पूर्ण प्रकाश झा, श्री आनंद मोहन ठाकुर, श्री दीपक झा, मनीष झा, नितिन झा, आदीप मिश्र, रजत झा, आदित्य झा अधिवक्ता, श्रीमती शोभिता पाठक,सुप्रभा झा अजय ठाकुर, विपिन कुमार झा,श्रीमती अल्पना झा, गणेश झा आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी।

### भारतमाला परियोजना के असल गुनहगारों को सत्ता का संरक्षण

**रायपुर 19 मई।** विशाखापटनम भारतमाला परियोजना में भ्रष्टाचार और मुआवजा घोटाले की जांच को लेकर ईओडब्लू के कार्यवाही की दिशा पर पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि असल गुनहगारों को बचाने जांच की दिशा भटकाई जा रही है। भ्रष्टाचार का आरोप भाजपा के सलेक्टिव पॉलिटिक्स का प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिसमें भाजपा के भ्रष्ट राजनेताओं, प्रभावशाली व्यवसायियों और चहेते अफसरों को सत्ता के संरक्षण के चलते अब तक जांच के दायरे से बाहर रखा गया है। इस दौरान जो जमीन दलाल और व्यायसायी भाजपा के खेमे में शामिल हो गए, उनके खिलाफ भी कार्यवाहियां रोक दी गई है। हाल ही में संपन्न पंचायत चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने संदिग्ध आरोपियों का भयादोहन कर जमकर फायदा उठाया और उनकी मदद लेकर चुनावी लाभ के एवज में सौदेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतमाला प्रोजेक्ट में हुए भ्रष्टाचार के संदर्भ में सरकार के पास तीन-तीन जांच प्रतिवेदन मौजूद है, पूर्व के जांच में 60 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया गया है, उनकी गिरफ्तारी और उनसे रिकवरी क्यों नहीं हो रही है? भारतमाला परियोजना का डीपीआर 2017 में बना, जब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26